राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 60
लखनऊ, रविवार 8 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



दीपावली पर छुट्टियों के बीच भी मुस्तैद रहेगा स्वास्थ्य विभाग 10

जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 18 नवम्बर को 08

अवकाश सूचना

सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और वितरकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।
इस अवसर पर 8 व 9 नवम्बर 2026 को कार्यालय/ संस्थान में अवकाश रहेगा अतः अगला अंक 11 नवम्बर को प्रकाशित होगा। - प्रधान संपादक

जिनको अयोध्या आना है वह पहले संतों से मांगे माफी: योगी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

दीपोत्सव के मौके पर बोलते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जिनको अयोध्या आना है वह पहले संतों से माफी मागे। दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से अयोध्या की भव्यता और त्रेतायुग की स्मृतियों का स्मरण करते हुए कहा कि आज की अयोध्या उसी त्रेतायुग की याद दिलाती है, जब 14 वर्ष का वनवास पूरा कर प्रभु श्रीराम, माता जानकी, अनुज लक्ष्मण और पवनसुत हनुमान के साथ अयोध्या लौटे थे। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई अवधपुरी अति रुचिर बनाई, देवन्ह सुमन बृष्टि नभ लाई का उल्लेख करते हुए कहा कि आज अयोध्या में बिल्कुल वैसा ही अलौकिक दृश्य दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से रामलला के विराजमान होने के समय भी आसमान से पुष्पवर्षा का ऐसा ही दिव्य दृश्य देखने को मिला था। सीएम योगी ने बिना नाम लिए अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि सुनने में आया है कि कुछ लोग अयोध्या आना चाहते हैं। लेकिन अयोध्या आने से पहले वह साधु संतों से माफी मांग लें। उन्होंने कहा कि इसी संकल्प और संदेश को दोहराने के लिए वे आज दीपोत्सव के मंच पर उपस्थित हैं।



भारत राष्ट्र के प्राण और आत्मसम्मान हैं प्रभु श्रीराम

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या की यह पावन शक्ति और श्रीराम की चेतना ही वास्तव में भारत की असली चेतना है। यही हमारी संस्कृति और संस्कार हैं। प्रभु श्रीराम केवल हमारी आस्था ही नहीं, बल्कि भारत राष्ट्र के प्राण और हर भारतीय का सर्वोच्च आत्मसम्मान हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे प्रभु के नाम का स्मरण करते हुए रामराज्य की अवधारणा को वास्तविक रूप से साकार करने में अपना योगदान दें।

12 दिसंबर को परिवार के साथ अयोध्या जाएंगे अखिलेश

22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला मौका होगा, जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 12 दिसंबर को परिवार के साथ अयोध्या जाएंगे। यहां वह राम मंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। सपा नेता और पूर्व मंत्री पवन पांडे ने अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे की तारीख की जानकारी दी। इस मौके पर अखिलेश अयोध्या में पूरा दिन बिताएंगे। राम मंदिर में रामलला के दर्शन के बाद वह हनुमानगढ़ी भी जाएंगे। इस दौरान अखिलेश यादव साधु-संतों और महंतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लेंगे।

आकाश से हुई पुष्पवर्षा, साकार हुई त्रेतायुग की अनुभूति



अयोध्या। दीपोत्सव के अवसर पर शनिवार को राम नगरी अयोध्या में सरयू तट के समीप पुष्पक विमान रूपी हेलीकाप्टर से प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूप उतरे तो स्वागत के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ जोड़े खड़े थे। प्रभु श्रीराम के आगमन के साथ ही श्रद्धालुओं के जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा मैदान गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम को माला पहनाकर और तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर आकाश से पुष्पवर्षा हुई तो फूलों से सजा रामरथ और उसके ऊपर बरसते पुष्पों ने वातावरण को और दिव्य बना दिया।

दीपोत्सव की ऐतिहासिक उपलब्धि का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने बताया कि मात्र 25 हजार दीपों से शुरू हुआ यह पावन आयोजन आज 25 लाख की सीमा पार कर चुका है। महामहिम राष्ट्रपति के करकमलों से दीप प्रज्वलन के पश्चात अयोध्या धाम में कुल 30 लाख दीप प्रज्वलित किए गए हैं, जो पूरी दुनिया को भगवान राम के प्रकाश से आलोकित कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रपति ने दीपावली पर दी देशवासियों को शुभकामनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दीपावली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी के अच्छे स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण और आपसी सद्भाव बनाए रखने तथा भारतीय मूल्यों से प्रेरित युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में उत्साहपूर्वक योगदान देने का आह्वान किया है। मुर्मु ने कहा कि दीपावली का पर्व सद्गुणों की नकारात्मक प्रवृत्तियों पर विजय का प्रतीक है। यह दुखों के अंत और आनंदमय एवं समृद्ध जीवन की शुरुआत का भी संदेश देता है। इस अवसर पर लोग शुभारंभ और कल्याण के लिए भगवान गणेश तथा समृद्धि के लिए माता महालक्ष्मी की पूजा करते हैं और सभी के सुख की कामना करते हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में यूपी देश में प्रथम

लखनऊ। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में उत्तर प्रदेश ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश ने संचयी रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में गुजरात और महाराष्ट्र को पीछे छोड़ते हुए अपनी नंबर- वन की स्थिति स्थापित की है। यूपी नेडा डायरेक्टर रविन्दर कुमार ने बताया कि 5 नवंबर 2026 तक उत्तर प्रदेश में कुल 9,53,201 रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। अक्टूबर 2026 में प्रदेश ने 75,031 से अधिक इंस्टॉलेशन के साथ देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रति बढ़ते जनविश्वास, सरकार की प्रभावी नीतियों तथा यूपीनेडा, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, सभी विद्युत वितरण निगमों, बैंकिंग संस्थानों और सोलर वेंडर्स के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

चंद्रयान-1 चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हुआ भारत का चंद्र मिशन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की आजादी के ठीक बाद 08 नवंबर 1947 को जूनागढ़ रियासत के दीवान ने भारत सरकार को आमंत्रित किया और आधिकारिक तौर पर जूनागढ़ का प्रशासन भारत को सौंप दिया। यह भारत के भौगोलिक और राजनीतिक एकीकरण (विशेषकर सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों) की एक ऐतिहासिक जीत थी। भारत का पहला चंद्र मिशन चंद्रयान-1 आज ही के दिन सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हुआ था और 22 अक्टूबर 2008 को लॉन्च किया गया था। इसी मिशन के भारतीय पेलोड मून इम्पैक्ट प्रोब ने बाद में चांद की सतह पर पानी के अणुओं की ऐतिहासिक खोज की थी, जिसने पूरी दुनिया के सामने इसरो की तकनीकी क्षमता का लोहा मनवाया। पीएम ने 08 नवंबर, 2016 को अपने संबोधन में 500 और 1000 के नोटों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का एलान किया।

दीपावली पर कर्मचारियों का बढ़ा डीएम

60 से बढ़कर 63 प्रतिशत हुआ महंगाई भत्ता



समृद्धि न्यूज,लखनऊ।

चार महीने के एरियर के भुगतान की व्यवस्था भी तय

शासनादेश के अनुसार, 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक बढ़े हुए महंगाई भत्ते के एरियर के भुगतान के लिए अलग-अलग श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए व्यवस्था निर्धारित की गई है। (जीपीएफ) से जुड़े कर्मचारियों के एरियर की राशि आयकर एवं सरचार्ज की कटौती के बाद निर्धारित सीमा के अंतर्गत उनके भविष्य निधि खाते में जमा की जाएगी। यह राशि 1 नवंबर 2027 तक खाते में जमा रहेगी। विशेष परिस्थितियों में अंतिम प्रत्याहरण के नियम लागू होंगे। एनपीएस कर्मचारियों के लिए भी निर्धारित हुआ लाभ राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से आच्छादित कर्मचारियों के मामले में एरियर की 10 प्रतिशत राशि उनके टियर-1 पेंशन खाते में जमा की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर बड़ी सौगात दी है। यूपी के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर बड़ी सौगात दी है। प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारियों, कार्यप्रभारित कर्मचारियों तथा यूजीसी वेतनमान पर कार्यरत पदधारकों का महंगाई भत्ता (डीए) 3 प्रतिशत बढ़ा दिया है। अब कर्मचारियों को 60 प्रतिशत के स्थान पर 63 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। बढ़ी हुई दर 1 जुलाई 2026 से प्रभावी होगी। इस संबंध में शासनादेश भी शनिवार को जारी किया गया है। बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान नवंबर 2026 के नियमित वेतन के साथ किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। योगी सरकार का यह निर्णय प्रदेश के नियमित कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों और अन्य पात्र कर्मचारी वर्गों को भी राहत देने वाला है।

सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को पूरा एरियर नकद

सरकार ने सेवानिवृत्त और सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके कर्मचारियों को विशेष राहत दी है। शासनादेश जारी होने से पहले जिन कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त हो चुकी हैं, जो 1 जुलाई 2026 से शासनादेश जारी होने की तारीख के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं अथवा अगले छह माह के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उन्हें महंगाई भत्ते के बकाये की पूरी धनराशि नकद दी जाएगी।

इस बार भी देश के वीर जवानों के बीच दीपावली मनाएंगे पीएम मोदी



नई दिल्ली,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बार भी दीपावली देश के वीर जवानों के बीच मनाएंगे। उन्होंने शनिवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर वर्ष उनका देश के वीर जवानों के बीच जाकर दीपावली मनाने का प्रयास रहता है और इस बार भी यह परंपरा जारी रहेगी। मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो संदेश में कहा, दीपावली के पावन पर्व पर पूरा देश रोशनी से जगमगा रहा है। प्रकाश का यह पर्व अंधकार के खिलाफ हमारे संकल्प का परिचय है। आप सभी को दीपावली की मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। यह पर्व और आपका आगे का समय सुख, शांति और समृद्धि से भरा रहे। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं भी आपकी तरह बड़े उत्साह से दीपावली मनाता हूं और हर वर्ष आप जानते हैं कि देश के वीर जवानों के बीच जाना मेरा नित्य क्रम है।

तहरीक उल मुजाहिदीन हिन्दुस्तान ने ली पुलिस चौकी धमाके की जिम्मेदारी



समृद्धि न्यूज, गाजियाबाद।

अभी भी मौके से सबूत जुटा रही है स्क्रॉड, फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम

गाजियाबाद जिले की वसुंधरा पुलिस चौकी में शुक्रवार रात हुए धमाके की जिम्मेदारी तहरीक उल मुजाहिदीन हिन्दुस्तान नाम के एक संगठन ने ली है। यूपी की एटीएस और अन्य जांच एजेंसियों ने घटना की जांच तेज कर दी है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ और यूपी एटीएस टीम के साथ ही तमाम बड़े अफसरों ने शनिवार को चौकी का दौरा किया। यह हादसा है या फिर साजिश, अभी यह साफ नहीं है। इसी बीच एक संगठन ने सोशल मीडिया पर वसुंधरा पुलिस चौकी के अंदर हुए धमाके की जिम्मेदारी ली है लेकिन पुलिस की ओर से अभी तक इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। यूपी एटीएस और आईबी की टीमें घटना की जांच कर रही हैं। साथ ही सोशल मीडिया पोस्ट की भी जांच चल रही है।

पुलिस कमिश्नर ने पत्रकारों को बताया कि शुक्रवार रात को सूचना मिली कि इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली वसुंधरा पुलिस चौकी की पिछली दीवार के पास धमाका हुआ है। उस समय वहां मौजूद एक सब-इंस्पेक्टर और एक डिलीवरी बॉय घायल हो गये थे। इसके बाद जांच शुरू की गई। बम डिस्पोजल स्क्वॉड, फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम अभी भी मौके से सबूत जुटा रही हैं। जांच में अभी तक धमाके के कारण का पता नहीं चल पाया है।

केन्द्रीय मंत्री ने पत्नी संग कच्ची बस्ती के बच्चों को वितरित की मिठाई व पटाखे

एजेंसी ,बीकानेर। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि दीपावली उमंग और उत्साह का त्योहार है। इस त्योहार में सबके जीवन में ऊर्जा का संचार हो। केन्द्रीय मंत्री ने शनिवार को सांसद सेवा केन्द्र पर आयोजित दिवाली की खुशियां कार्यक्रम में यह उद्गार व्यक्त किए। कानून मंत्री मेघवाल ने अपनी धर्मपत्नी श्रेणी पाना देवी मेघवाल के साथ सांसद सेवा केन्द्र पर कच्ची बस्तियों के सैकड़ों बच्चों को मिठाई एवं पटाखे वितरित कर उनके साथ दिवाली की खुशियां साझा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रविशेखर मेघवाल ने कहा कि हर घर में उजियारा छाए और दिवाली पर सबके चेहरों पर खुशियां दिखे इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। खास बात यह रही कि बच्चों को जैसे ही पटाखों व मिठाई का बैग पकड़ाया गया तो उनके चेहरों पर रौनक आ गई। कार्यक्रम में यूआईटी के पूर्व चैयरमेन महावीर रांका, पवन महनोत, पार्षद श्याम सिंह हाडला, रमेश भाटी, गोपाल वाल्मीकि, सुभाष बारासा और मुकेश बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

कैंसर की एक हजार से ज्यादा दवाइयां होंगी सस्ती नई कीमतें 9 नवंबर से लागू

नई दिल्ली,एजेंसी। कैंसर का इलाज करा रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्र सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 1000 से ज्यादा ब्रांड की दवाइयों की कीमतें कम कर दी हैं। नई कीमतें 9 नवंबर 2026 से लागू होंगी। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के अनुसार, अब तक 76 दवा कंपनियों ने 1225 दवाइयों की नई कीमतों की जानकारी दी है। इनमें से 1031 दवाइयों के दाम कम हुए हैं। करीब 600 ब्रांड की कीमतों में 50 फीसदी से ज्यादा की कटौती की गई है। कुछ दवाइयों के दाम तो 96.45 फीसदी तक घटे हैं।
सरकार का अनुमान है कि दवाइयों की कीमतें कम होने से मरीजों को हर साल करीब 3502 करोड़ रुपये की बचत होगी। नई कीमतों के अनुसार, ब्रिक्सटा इंजेक्शन की कीमत 25,995 रुपये से घटाकर 3,318 रुपये कर दी गई है। अबीरोन दवा अब 41,250 रुपये की जगह 3,218 रुपये में मिलेगी। इसी तरह पेग-रेलीग्रास्ट की कीमत 5,331 रुपये से घटाकर 1,258 रुपये और अजाडिन की कीमत 5,964.70 रुपये से घटाकर 1,199.50 रुपये कर दी गई है।

देश के दुग्ध उत्पादन में एमपी को बनाएंगे नंबर वन : सीएम

हम खेती व किसानी दोनों के विकास के लिए कटिबद्ध होकर है प्रयासरत



एजेंसी, भोपाल।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि किसान अनाज उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन और दूध उत्पादन से भी अपनी आय बढ़ाएं। मध्य प्रदेश दुग्ध उत्पादन में आज देश में तीसरे स्थान पर है। हम अगले दो सालों में प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के मामले में नम्बर वन स्टेट बनाएंगे।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अपने निवास पर पत्रकारों के साथ आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत वैश्विक पटल पर अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश एक कृषि आधारित राज्य है। खेती का आशय सिर्फ कृषि उपज लेने से है और किसानी का मतलब पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी के माध्यम से अपनी माली हालत सुधारना है। हमारी सरकार खेती और किसानी दोनों के विकास के लिए कटिबद्ध होकर प्रयासरत है। नदी जोड़ो अभियान एवं अन्य प्रयासों से खेती-किसानी सहित किसान बंधुओं की समृद्धि के लिए सिंचाई रकबे के विस्तार को हमने गति दी है।

सीबीआई ने सहायक निदेशक को एक लाख की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्थित प्लांट क्वारंटीन स्टेशन (पीक्यूएस) के सहायक निदेशक टीएम सुधाकर और एक व्यक्ति को एक लाख रुपये रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि कंटेनरों की मंजूरी देने के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। सीबीआई ने बताया कि एजेंसी ने शुक्रवार को प्लांट क्वारंटीन स्टेशन के दो अधिकारियों, तीन अन्य व्यक्तियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। विशाखापत्तनम स्थित पीक्यूएस के सहायक निदेशक एवं प्रभारी टीएम सुधाकर ने एक निजी फर्म के कंटेनरों को मंजूरी देने के बदले एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने शुक्रवार को जाल बिछाया और सहायक निदेशक को एक निजी व्यक्ति से एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। एजेंसी ने रिश्वत की पूरी राशि भी बरामद कर ली। मामले में सहायक निदेशक के साथ निजी व्यक्ति सुंकावल्ली सत्यनारायण को भी गिरफ्तार किया गया है।

अवैध रूप से रह रहे 14 बांग्लादेशी गिरफ्तार

पासपोर्ट नहीं हुआ बरामद,जांच में भारत में रहने के लिए जरूरी वैध वीजा

एजेंसी, गुरुग्राम।



हरियाणा के गुरुग्राम नगर में अवैध रूप से रह रहे 14 बांग्लादेशी नागरिकों को एंटी टेररिस्ट स्क्वाड एटीएस की टीम ने हिरासत में लिया है। सभी को मानेसर स्थित डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में उनके पास भारत में रहने के लिए वैध वीजा, पासपोर्ट या अन्य आवश्यक अनुमति नहीं मिली है। उनके खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।
पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि यह कार्रवाई एटीएस के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के नेतृत्व में की गई। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एटीएस गुरुग्राम स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी नूंह एसओजी रोहतक और एटीएस के अन्य कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्धों की पहचान के लिए गहन जांच पड़ताल की गई। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जांच के दौरान हिरासत में लिए गए सभी 14 व्यक्तियों के पास से बांग्लादेश से संबंधित पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज मिलने की जानकारी सामने आई। प्रारंभिक जांच में इनके पास भारत में रहने के लिए वैध वीजा पासपोर्ट अथवा अन्य आवश्यक अनुमति नहीं पाई गई। हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की पहचान मोहम्मद लुतफोर रहमान, 17 वर्ष, मोहम्मद राजू मियां 20 वर्ष साकिब हुसैन, 18 वर्ष मोहम्मद तारेकुल इस्लाम, 17 वर्ष इलियास अली,18 वर्ष मोहम्मद फेरुज इस्लाम 19 वर्ष मोहम्मद अनारुल हक, 30 वर्ष साकिब राणा,19 वर्ष गुलाम रब्बानी, 23 वर्ष मोहम्मद ज्वेल राणा, 20 वर्ष अनवर हुसैन, 37 वर्ष आरिफुल उर्फ अलाउद्दीन, 22 वर्ष मोहम्मद मसूद राणा,27 वर्ष तथा राजू आलम,28 वर्ष के रूप में हुई है। ये सभी बांग्लादेश के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं।

स्वच्छता में छत्तीसगढ़ का बजा डंका

राष्ट्रपति के हाथों रायपुर-बिलासपुर बिल्हा को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार



एजेंसी,रायपुर।

राष्ट्रपति 11 नवंबर को नई दिल्ली में करेंगी सम्मानित

स्वच्छता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत प्रदेश के तीन शहरों रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा का राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आगामी 11 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में इन तीनों शहरों को पुरस्कृत करेंगी। यह उपलब्धि प्रदेश में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों, सफाई मित्रों के समर्पण और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा सफाई मित्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पांच गुने बढ़ा दिल्ली-मुंबई से लखनऊ आने वाले विमानों का किराया

लखनऊ। बंगलूरू से लखनऊ आने वाली एयर इंडिगो की शाम साढ़े सात बजे की उड़ान 12450 रुपये, एयर इंडिया की दोपहर 12:20 बजे की उड़ान 13561 रुपये, अकासा एयर की सुबह 7:25 बजे की उड़ान का टिकट 17093 रुपये पहुंच गया है। दिवाली पर विमानों के जरिए लखनऊ आने वालों को खासी महंगी उड़ानों के टिकट खरीदने पड़ रहे हैं। दिल्ली व मुंबई से लखनऊ आने वाली फ्लाइटें आम दिनों की तुलना में पांच गुनी तक महंगी हो गई हैं। दिल्ली से आने वाली उड़ानों के टिकट जहां 14113 रुपये पहुंच गए हैं, वहीं मुंबई की फ्लाइटें 27462 रुपये तक में मिल रही हैं। रश्मि सिंह मुंबई में फिल्म सिटी में काम करती हैं। वह लखनऊ की रहने वाली हैं। रविवार को मुंबई से लखनऊ आएंगी। चूंकि उनके पास समय कम है, इसलिए विमान में टिकट बुक करवाया है। उन्होंने अकासा एयर की की उड़ान का टिकट बुक कराया, जो 27462 रुपये का पड़ा।

बढ़ाया मनोबल | **रक्षा मंत्री ने सैनिकों के साथ मनाई दिवाली**

सैनिक को असाधारण योद्धा बनाता है अनुशासन: राजनाथ

एजेंसी, सिलीगुड़ी।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को दीपावली के अवसर पर बागडोगरा वायुसेना स्टेशन पहुंचकर भारतीय वायुसेना के जवानों को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने जवानों का मुंह मीठा कराया और उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने जवानों के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों की मदद से लेकर देश की सुरक्षा तक, हर मोर्चे पर भारतीय वायुसेना का योगदान सराहनीय और देश के लिए गर्व का विषय है। जवानों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय वायुसेना के वीर जवानों का साहस और समर्पण न केवल देश में, बल्कि पूरी दुनिया में पहचाना जाता है। विपरीत परिस्थितियों में देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना हो या प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की जिम्मेदारी निभानी हो, वायुसेना के जवान हर चुनौती का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उनका समर्पण देश की सबसे बड़ी ताकत है।
सशस्त्र बलों में अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो, सैनिकों में साहस और अनुशासन के बिना उसका कोई महत्व नहीं रह जाता। अनुशासन ही एक सामान्य सैनिक को असाधारण योद्धा बनाता है। उन्होंने कहा कि सैन्य क्षमता को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के साथ-साथ सैनिकों में साहस, समर्पण और अनुशासन भी जरूरी है।
रक्षा मंत्री ने ड्रोन और साइबर सुरक्षा जैसी आधुनिक तकनीकों में सशस्त्र बलों को और अधिक दक्ष बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि जवानों को ड्रोन संचालन, साइबर सुरक्षा और युद्ध की बदलती रणनीतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भविष्य की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सशस्त्र बलों को आधुनिक तकनीक से लैस करना जरूरी है।

दीपावली-छठ पर रेलवे ने चलाईं 18 हजार अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें, 700 एआई कैमरों से हो रही निगरानी

एजेंसी,नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि दीपावली और छठ सहित त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने करीब 18 हजार अतिरिक्त विशेष ट्रेनें चलाई हैं। इसके अलावा देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर करीब 700 कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी मदद से भीड़ की निगरानी की जा रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए करीब 20 प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया भी बनाए गए हैं। वैष्णव ने रेल भवन में रेलवे के वॉर रूम की तैयारियों और परिचालन व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से कहा कि दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ के दौरान रेलवे के लिए यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है। इस चुनौती से निपटने के लिए रेलवे ने पिछले छह महीने से तैयारियां शुरू कर दी थीं।

संक्षिप्त खबरें

प्रदीप कुमार यादव समाजवादी छात्र सभा के सचिव बने

लखनऊ। सरोजनीनगर स्थित अमौसी के बेहटवा निवासी प्रदीप कुमार यादव 'मोनू' को समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सचिव बनाया गया है। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर उनका मनोनयन किया। डॉ. इमरान ने उम्मीद जताई कि प्रदीप कुमार यादव समाजवादी पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। शनिवार को सरोजनीनगर में स्कूटर इंडिया चौराहे के पास बिजनौर रोड स्थित प्रदीप के कार्यालय पर लोगों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर बधाई दी। इनमें दीपक यादव, विनोद शुक्ला, गुड्डू भार्गव, रजनीश यादव, ज्ञान सिंह, गौरव ज्वेलर्स और सुधीर कुमार शामिल थे। लोगों ने डॉ. इमरान और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार भी जताया।

लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। काकोरी में पुलिस ने लूट के कुछ मिनट बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूटे गए 16,500 रुपए और 550 ग्राम गांजा मिला। घटना 6 नवंबर की शाम की है। दुर्गागंज चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो लोग एक व्यक्ति से 16,500 रुपए लूटकर भाग रहे हैं। पुलिस टीम ने दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिनव यादव और विकास के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए पूरे 16,500 रुपए बरामद किए। तलाशी में 550 ग्राम गांजा भी मिला। थाना काकोरी प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र राठौर के नेतृत्व में पुलिस ने दोनों के खिलाफ लूट और एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

सड़क पर चढ़ाते समय ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत



लखनऊ। माल ब्लॉक की नबीपनाह पंचायत के भगवत खेड़ा गांव में शनिवार को ट्रैक्टर पलटने से चालक अभिषेक यादव उम्र लगभग 23 साल की मौत हो गई। हादसा सुबह खेत से पारा भरकर ट्रैक्टर सडक़ पर चढ़ाते समय हुआ। ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह अभिषेक के सीने पर पलट गया। उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अभिषेक यादव भगवत खेड़ा के रहने वाले थे। उनके पिता का पहले ही देहांत हो चुका था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और किसानी का काम करते थे। परिवार में उनके भाई और अन्य लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

शराब के नशे में किया हमला प्रेशर कुकर से पत्नी का सिर फोड़ा

लखनऊ। राजधानी के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के राजाखेड़ा गांव में एक महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने शराब के नशे में प्रेशर कुकर से उसके सिर पर हमला किया। महिला के सिर में पांच टांके लगे। महिला गायत्री के मुताबिक, शनिवार सुबह उसके पति सरवरन ने उसके साथ मारपीट की। प्रेशर कुकर से सिर पर हमला होने से उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। वह इलाज के लिए डॉक्टर के पास पहुंची। गायत्री ने बताया कि घटना के बाद उसने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सरवरन वहां से जा चुका था। महिला का आरोप है कि चोटिल हालत में थाने पहुंचने पर उसकी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वह तहसील समाधान दिवस में पहुंची और अधिकारियों को अपनी शिकायत बताई। गायत्री ने बताया कि उसकी शादी को 12 साल हो चुके हैं और उसके दो नाबालिग बच्चे हैं। उसका आरोप है कि पति शराब पीकर अक्सर उसके साथ मारपीट करता है और जमीन बेचकर परिवार को आर्थिक संकट में डाल रहा है।

नगर विकास मंत्री ने 'नगरीय सिंधु' पत्रिका का किया शुभारंभ

लखनऊ। नगरों में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारों और नगरीय विकास की नई पहल को प्रदेशभर में साझा करने के उद्देश्य से नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नगरीय निकाय निदेशालय एवं नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के तत्वावधान में प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका 'नगरीय सिंधु' का शुभारंभ किया। इस पत्रिका के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों, विकासपरक योजनाओं, नवाचारों तथा नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का नियमित आदान-प्रदान किया जाएगा श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के नगरों में स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं, जलापूर्ति, सीवरेज, पर्यावरण संरक्षण और नगरीय प्रबंधन के क्षेत्र में अनेक अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों और नवाचारों की जानकारी दूसरे नगरीय निकायों तक पहुंचना आवश्यक है, ताकि एक नगर में अपनाई गई अच्छी पहल दूसरे नगरों के लिए भी प्रेरणा बन सके। 'नगरीय सिंधु' इस दिशा में एक महत्वपूर्ण माध्यम साबित होगी। नगरीय विकास केवल आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए बेहतर प्रबंधन, आधुनिक तकनीक, नवाचार और प्रशिक्षित मानव संसाधन भी आवश्यक हैं। नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण देकर उनकी कार्यक्षमता और दक्षता बढ़ाई जा रही है। पत्रिका में प्रशिक्षण से संबंधित जानकारियों के प्रकाशन से नगरीय निकायों के कार्मिकों को भी लाभ मिलेगा। इस पहल के लिए नगरीय निकाय निदेशालय एवं नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान की टीम को बधाई देते हुए अपेक्षा की कि पत्रिका को नियमित, ज्ञानवर्धक और उपयोगी बनाया जाए, जिससे प्रदेश के सभी नगरीय निकाय इससे लाभान्वित हो सकें।इस अवसर पर प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद, सचिव निदेशक अनुज कुमार झा, निदेशक सोडा महेंद्र बहादुर सिंह, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर निदेशक रितु सुहास सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

चार दिसंबर को होगी रिंकू-प्रिया की शादी, डिंपल-अखिलेश को दिया इनविटेशन

लखनऊ। भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों की शादी की तारीख 4 दिसंबर तय हुई है। शादी से पहले प्रिया सरोज सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके परिवार को न्योता देने पहुंचीं। इस दौरान उनका लाल साड़ी वाला खूबसूरत अंदाज चर्चा में रहा। डिंपल यादव और अदिति यादव अपने सादगी भरे एथनिक लुक में नजर आईं।रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी को लेकर उनके परिवारों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। दोनों 4 दिसंबर को लखनऊ के रमाडा होटल में सात फेरे लेंगे। प्रिया सरोज के पिता और सपा विधायक तूफानी सरोज ने शादी की तारीख और जगह तय होने की पुष्टि की है। दोनों परिवारों की सहमति से विवाह समारोह की तैयारियां की जा रही हैं।शादी का न्योता देने पहुंचीं प्रिया सरोज लाल रंग की खूबसूरत साड़ी में नजर आईं। उन्होंने अपने लुक को पारंपरिक और सादगी भरा रखा। सांसद का यह एथनिक अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। प्रिया सरोज आमतौर पर भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में साड़ी और सूट जैसे पारंपरिक परिधानों में दिखाई देती हैं।इस मुलाकात के दौरान डिंपल यादव और अदिति यादव का सादगी भरा अंदाज भी खास रहा। डिंपल अपने सिंपल और एलिगेंट एथनिक लुक के लिए जानी जाती हैं। अदिति यादव भी पारंपरिक परिधान में नजर आईं।रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई 8 जून 2025 को लखनऊ में हुई थी। इस समारोह में अखिलेश यादव, डिंपल यादव समेत राजनीति और क्रिकेट जगत की कई हस्तियां शामिल हुई थीं। अब 4 दिसंबर की तारीख तय होने के साथ दोनों की नई जिंदगी की शुरुआत का इंतजार है।

पूरे प्रदेश के अस्पताल अलर्ट मोड पर

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। दीपावली पर प्रदेश के सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेजों से लेकर जिला व मंडलीय अस्पतालों की इमरजेंसी में झुलसने पर मरीजों की दी जाने वाली दवाएं एवं अन्य सामग्री रखने के निर्देश दिए गए हैं। झुलसने वाले मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद जरूरत के हिसाब से ट्रामा सेंटर रेफर किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि सभी मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में इमरजेंसी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं। जिला अस्पतालों की इमरजेंसी में 10 से 15 अतिरिक्त बेड लगाए गए हैं। इसी तरह मेडिकल कॉलेजों में प्लास्टिक सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। मरीजों को उपचार देने के बाद जरूरत के हिसाब से सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के लिए केजीएमयू या पीजीआई रेफर किया जाएगा। यह भी निर्देश दिया गया है कि जिन मरीजों को मेडिकल कॉलेज में उपचार मिल सकता है, उन्हें अनावश्यक रूप से केजीएमयू, एसजीपीजीआई या लोहिया संस्थान रेफर न किया जाए। **पटाखे से जलने पर डायल करें 108:** दिवाली के मौके पर किसी भी मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए प्रदेश की 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाएं 24 घंटे हाई अलर्ट पर रहेंगी। एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ने सभी एम्बुलेंसों को मुस्तैद रहने और आवश्यकता पड़ने पर जल्द से जल्द पीड़ित तक जीवनरक्षक सेवा पहुंचाने के सख्त निर्देश दिए हैं। कोई भी व्यक्ति आपात स्थिति में 108 नंबर पर कॉल करके इस निःशुल्क सेवा का लाभ ले सकता है। उत्तर प्रदेश में 108 एवं 102 एम्बुलेंस का संचालन करने वाली संस्था ईएमआरआई के प्रेसिडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि दिवाली पर 108 सेवा की सभी 2,200 एम्बुलेंस 24 घंटे तैयार रहेंगी। पुलिस व प्रशासन के सहयोग से एम्बुलेंसों को ऐसी "हॉटस्पॉट" (दुर्घना बहुल स्थल)पर खड़ा करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां से घटना की सूचना मिलने पर वे जल्द से जल्द मरीजों तक पहुंच सकें। सभी एम्बुलेंसों में जीवनरक्षक दवाओं की पूरी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। दीपावली के दौरान सड़क दुर्घटना, पटाखों से जलने, हार्ट अटैक, सांस लेने में तकलीफ या अन्य किसी भी गंभीर स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत 108 डायल करें। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस प्रशिक्षित इमरजेंसी मेडिकल स्टाफ (ईएमटी) और जीवनरक्षक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचेगी और मरीज को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाएगी। दिवाली पर पटाखों या दीयों से जलने का खतरा बना रहता है। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के ईएमएलसी हेड डॉ. दाउद हुसामी ने बताया कि पटाखों या अन्य कारण से जलने पर प्रभावित अंग पर सादा या नल का पानी लगातार 15 मिनट तक डालें। आइस या बर्फ का इस्तेमाल न करें। जले हुए हिस्से पर कोई पट्टी या कसकर कपड़ा न बांधें; बस उसे किसी साफ और हल्के कपड़े से कवर कर लें। जले हुए स्थान पर टूथपेस्ट, हल्दी, नमक, स्याही या अन्य किसी भी घरेलू वस्तु का लेप हरगिज न लगाएं। पटाखें या अन्य कारण से जलने पर तुरंत 108 पर कॉल करें और अस्पताल जाकर डॉक्टर से इलाज कराएं। त्योहार के दौरान भी गर्भवती महिलाओं और 2 साल तक के बच्चों के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा निर्बाध रूप से 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। प्रदेश सरकार द्वारा 102 सेवा की कुल 2,270 एम्बुलेंस निःशुल्क संचालित की जा रही हैं। दोनों ही सेवाएं प्रदेश सरकार की ओर से सभी के निःशुल्क संचालित की जा रही हैं। आवश्यकता पड़ने पर 102 या 108 पर कॉल करके निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है। दमकल विभाग ने दिवाली के मद्देनजर अग्नि सुरक्षा के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली है। आग की घटनाओं से निपटने के लिए मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल और 46 दमकल गाड़ियां तैयार हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। सीएफओ अंकुश मित्तल के अनुसार बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और बस्तियों के करीब 30 स्थानों पर दमकल की गाड़ियां खड़ी की गई हैं। प्रत्येक दमकल पर चार जवान तैनात हैं, जबकि अन्य को रिजर्व में रखा गया है। सभी नौ फायर स्टेशनों के एफएसओ को अलर्ट पर रखा गया है।

टक्कर मारने का बहाना बनाकर युवक का मोबाइल चुराया

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। नहरिया चौराहे पर सडक़ पार कर रहे युवक को टक्कर मारने का बहाना बनाकर दो शातिरों ने मोबाइल चोरी कर लिया। आरोपियों ने पहले युवक से विवाद किया और फिर ध्यान भटकाकर उसकी लोअर की जेब से मोबाइल निकाल लिया। वारदात के बाद दोनों स्प्लेंडर बाइक से फरार हो गए। पूरी घटना करीब 30 सेकंड में हुई। गाजीपुर के आमघाट न्यू कॉलोनी निवासी सुमित कुमार श्रीवास्तव (34) ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 4 नवंबर की रात करीब 11.05 से 11.15 बजे के बीच वह नहरिया चौराहे पर बदनाम लड्डू वाले की दुकान के सामने डिवाइडर के पास सडक़ पार कर रहे थे। उन्हें वाराणसी जाने वाली बस पकडऩी थी। इसी दौरान सफेद शर्ट पहने 20-22 साल के दुबले-पतले युवक ने कीपैड मोबाइल पर बात करने का नाटक करते हुए जानबूझकर अपना पैर उनके पैर के सामने रख दिया। हल्की टक्कर लगने के बाद आरोपी उनसे बहस करने लगा। सुमित ने अनदेखा कर आगे बढने की कोशिश की तो वह उनके हाथ में पकड़े कार्टून पर बार-बार हाथ मारने लगा। इससे उनका ध्यान कार्टून की ओर चला गया। इसी बीच आरोपी ने दूसरे हाथ से उनकी लोअर की जेब से मोबाइल निकाल लिया। वारदात के दौरान आरोपी का साथी सफेद शर्ट पहने स्प्लेंडर बाइक स्टार्ट कर खड़ा था। मोबाइल निकालने वाला युवक उसके साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद एक युवक ने सुमित को जेब चेक करने के लिए कहा। इसके बाद मोबाइल चोरी होने का पता चला। उन्होंने अगले दिन वाराणसी पहुंचकर दोनों सिम कार्ड ब्लॉक करा दिए।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने देश व प्रदेशवासियों को दी दीपावली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

लखनऊ। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाईदूज के शुभ अवसर पर देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। दीपावली का यह पर्व अंधकार पर प्रकाश व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। असत्य चाहें जितना बलवान क्यों न हो एक न एक दिन उसका अंत निश्चित है। यह मिथ्य नहीं बल्कि सत्य पर आधारित तथ्य है, जिसको कोई झुठला नहीं सकता। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा शिक्षा, आर्थिक सहायता, कौशल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि समाज के पिछड़ा वर्ग कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर समाज में सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। आइये हम सब मिलकर सामाजिक समरसता के दीप जलाएँ और इस समृद्ध, विकसित व उज्जवल उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपना साकारात्मक योगदान दें।

दिवाली से एक दिन पहले 500 महिलाओं को राशन किट-कपड़े मिलें

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। राजधानी में शनिवार को दिवाली से एक दिन पहले मरवह एजुकेशनल फाउंडेशन की ओर से 500 जरूरतमंद विधवा महिलाओं को दिवाली का तोहफा दिया गया। छोटी दिवाली पर आयोजित कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर और बेसहारा महिलाओं को कपड़े और एक महीने का राशन वितरित किया गया। संस्था ने महिलाओं को चिह्नित कर उनकी जरूरत के मुताबिक सहायता पहुंचाई। मौलाना मनाजीरूल ने कहा कि कमजोरों और जरूरतमंद लोगों की मदद करना इबादत का हिस्सा होता है। हर साल संस्था लोगों की मदद के लिए आगे आती है। कार्यक्रम में दारुल उलूम नदवा के उलमा और सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडेय मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष मौलाना मनाजीरूल नदवी ने बताया कि फाउंडेशन पिछले 20 वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण के क्षेत्र में काम कर रहा है। इसी कड़ी में 500 गरीब, असहाय और जरूरतमंद विधवा महिलाओं को दीपावली उपहार और राशन किट दी गई। मौलाना मनाजीरूल नदवी ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना हर व्यक्ति की सामाजिक जिम्मेदारी है। दिवाली के मौके पर मोहब्बत का दीप जलाने की कोशिश की गई है। छोटी दिवाली पर हिंदू समाज की विधवा माताओं और बहनों को एकत्र कर छोटी सी मदद पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि कोई भी त्योहार किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं होता। सभी लोग एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होकर खुशियां बांटते हैं। यही गंगा-जमुनी तहजीब है। सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडेय ने कहा कि त्योहार मोहब्बत और भाईचारा बांटने का नाम है। मदद करते समय धर्म और जाति नहीं, बल्कि इंसानियत को प्राथमिकता देनी चाहिए। संस्था का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि समय-समय पर समाज के कमजोर वर्गों की आर्थिक मदद के लिए आगे आएं।

समाधान दिवस में एसडीएम ने की सुनवाई

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। राजधानी की सरोजनीनगर तहसील में शनिवार को हुए संपूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर अधिकारी मौजूद नहीं थे। फरियादी भी कम पहुंचे और कुछ लोग ही शिकायतें लेकर आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम अभिषेक सिंह ने की। अमौसी गांव स्थित श्री शीतला देवी सेवा समिति के अध्यक्ष मणिकंचन सिंह ने समिति परिसर पर अवैध कब्जे की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के सरविंद लोधी, सुजीत लोधी और उनके साथी परिसर पर कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। मणिकंचन सिंह के मुताबिक, आरोपियों ने समिति के सेवादार से जबरन ताला-चाबी छीन ली। उन्होंने अध्यक्ष को गाली देने और जान से मारने की धमकी भी दी। परिसर में रखे दानपात्र से रुपये चोरी करने और चौहद्दी से छेड़छाड़ का आरोप भी लगाया गया। उन्होंने समिति परिसर को कब्जे से मुक्त कराने की मांग की। बंथरा के अंबरपुर निवासी कुलजीत सिंह ने सरैया गांव में खाता संख्या 00289, खसरा संख्या 407क और रकबा 0.1450 हेक्टेयर वाली नवीन परती भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत की। उन्होंने सरैया के विपिन यादव और पवन यादव पर सरकारी जमीन पर कब्जा कर निर्माण कराने का आरोप लगाया। कुलजीत सिंह के मुताबिक, तहसीलदार ने 8 मई 2026 को नोटिस जारी कर 15 दिन में निर्माण हटाने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 6 जुलाई को शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। कुलजीत ने राजस्व टीम बनाकर अवैध निर्माण हटाने की मांग की। कई अन्य लोगों ने भी शिकायतें दर्ज कराईं। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर जांच कर शिकायतों का निपटारा करने के निर्देश दिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और धर्मपाल सिंह ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

> **प्रकाश और उत्साह के इस पावन पर्व पर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और आरोग्य की कामना**

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने दीपावली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय भविष्य की कामना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपनी शुभकामनाओं में कहा कि दीपावली अंधकार का प्रतिकार कर प्रकाश के स्वागत का महापर्व है। त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन पर अमावस्या की रात्रि भी ज्योतिर्मय हो उठी थी और युगों-युगों के पश्चात आज भी दीपावली के दीप जन-जन को राम की भक्ति, सत्य और धर्म के संकल्प से सिद्धि का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग उत्साह एवं उमंग के साथ ऐसे दीप प्रज्ज्वलित करें, जो धर्म, सत्य, मर्यादा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रधर्म के प्रकाश से पूरे समाज को आलोकित करें। उन्होंने यह भी कामना की कि दीपावली के इस पवित्र अवसर पर माँ लक्ष्मी, माँ सरस्वती और प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की कृपा से प्रत्येक परिवार ज्ञान, बुद्धि, आरोग्य और समृद्धि से परिपूर्ण हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध करने में सभी अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। नेताओं ने विश्वास जताया कि दीपावली का यह पावन पर्व सभी के जीवन को सुख, शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि और ऐश्वर्य के पंचामृत से पूरी तरह पूरित करेगा।

योगी सरकार का राज्य कर्मचारियों को दीपावली का तोहफा, बढ़ाकर 63 फीसदी किया डीए

> **1 जुलाई 2026 से मिलेगा बढ़े हुए डीए का लाभ, नवंबर के नियमित वेतन के साथ होगा भुगतान**



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर बड़ी सौगात दी है। प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारियों, कार्यप्रभारित कर्मचारियों तथा यूजीसी वेतनमान पर कार्यरत पदधारकों का महंगाई भत्ता डीए 3 प्रतिशत बढ़ा दिया है। अब कर्मचारियों को 60 प्रतिशत के स्थान पर 63 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। बढ़ी हुई दर 1 जुलाई 2026 से प्रभावी होगी। इस संबंध में शासनादेश भी शनिवार को जारी किया गया है। बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान नवंबर 2026 के नियमित वेतन के साथ किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। योगी सरकार का यह निर्णय प्रदेश के नियमित कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों और अन्य पात्र कर्मचारी वर्गों को राहत देने वाला है।शासनादेश के अनुसार 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक बढ़े हुए महंगाई भत्ते के एरियर के भुगतान के लिए अलग-अलग श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए व्यवस्था निर्धारित की गई है। सामान्य भविष्य निधि जीपीएफ से जुड़े कर्मचारियों के एरियर की राशि आयकर एवं सरचार्ज की कटौती के बाद निर्धारित सीमा के अंतर्गत उनके भविष्य निधि खाते में जमा की जाएगी। यह राशि 1 नवंबर 2027 तक खाते में जमा रहेगी। विशेष परिस्थितियों में अंतिम प्रत्याहरण के नियम लागू होंगे। राष्ट्रीय पेंशन योजना एनपीएस से आच्छादित कर्मचारियों के मामले में एरियर की 10 प्रतिशत राशि उनके टियर-1 पेंशन खाते में जमा की जाएगी। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार नियोक्ता के रूप में एरियर की 14 प्रतिशत राशि के बराबर अंशदान भी टियर-1 खाते में जमा करेगी। शेष 90 प्रतिशत राशि पीपीएफ खाते में जमा कराई जाएगी अथवा एनएससी के रूप में दी जाएगी। एनएससी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित राशि नकद प्रदान की जाएगी।सरकार ने सेवानिवृत्त और सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके कर्मचारियों को विशेष राहत दी है। शासनादेश जारी होने से पहले जिन कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त हो चुकी हैं, जो 1 जुलाई 2026 से शासनादेश जारी होने की तारीख के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं अथवा अगले छह माह के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उन्हें महंगाई भत्ते के बकाये की पूरी धनराशि नकद दी जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 1,15,616 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त 1,156.16 करोड़ अवमुक्त

> **प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता- शर्मा**

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबके लिए आवास' के संकल्प को साकार करने तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सहभागिता से प्रदेश के जनपदों के 1,15,616 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त के रूप में 1,156.16 करोड़ की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। प्रत्येक लाभार्थी को द्वितीय किश्त के रूप में 1 लाख की धनराशि प्रदान की जा रही है। यह धनराशि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को अपने पक्के आवास का निर्माण आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे प्राप्त धनराशि का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप आवास निर्माण में करें तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर तृतीय किश्त के रूप में 50 हजार की धनराशि प्राप्त करने की पात्रता सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसी भी लाभार्थी को किसी अधिकारी, कर्मचारी, बिचौलिये अथवा अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार का शुल्क या कमीशन देने की आवश्यकता नहीं है। लाभार्थियों से विशेष अपील करते हुए कहा कि यदि कोई अधिकारी, कर्मचारी, बिचौलिया अथवा अन्य व्यक्ति आवास की किश्त जारी कराने, आवास निर्माण या योजना का लाभ दिलाने के नाम पर किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग करता है, तो लाभार्थी इसकी शिकायत तत्काल संबंधित अधिकारियों अथवा शासन तक पहुंचाएं।

केजीएमयू के कुलपति को बर्खास्त करें: गोपाल राय

> **एक सप्ताह में कार्यवाही नहीं हुई तो केजीएमयम का घेराव करेगी विश्व हिन्दू रक्षा परिषद'**

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। शनिवार को विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने प्रदेश में सामने आ रहे लव जिहाद एवं धर्मांतरण के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के शैक्षणिक एवं चिकित्सा संस्थानों में यदि इस प्रकार की गतिविधियां सामने आ रही हैं, तो सरकार और प्रशासन को इन्हें गंभीरता से लेते हुए उच्चस्तरीय जांच करानी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। गोपाल राय ने महामहिम राज्यपाल से किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के कुलपति को पद से बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि केजीएमयू सहित प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों में सामने आए आरोपों की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही, हिंदू डॉक्टरों एवं छात्राओं से जुड़े लव जिहाद और धर्मांतरण के मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) सहित कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने उत्तर प्रदेश एसटीएफ द्वारा इस मामले का पर्दाफाश किए जाने पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं एसटीएफ की टीम को बधाई देते हुए कहा कि जांच एजेंसियों की सक्रियता से ऐसे मामलों की सच्चाई सामने लाने में मदद मिलती है। गोपाल राय ने कहा कि महिलाओं, छात्राओं एवं चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी प्रकार के दबाव या प्रभाव से मुक्त होकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जांच में दोषी पाए जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की कि ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जाए।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें

प्रस्तुतिः मनोज प्रबल, संवाददाता- तिलहर, मो.7905665149

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
सुशांत कुमार
राजस्व निरीक्षक
नगर पालिका परिषद, तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
पियूष मिश्रा
जेई निर्माण अनुभाग
नगर पालिका परिषद, तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
राजीव कुमार
सफाई एवं खाद्य निरीक्षक
नगर पालिका परिषद, तिलहर
आग्रहः नगर को स्वच्छ रखने में पालिका का सहयोग करें

दीपावली व भैयादूज की दिली मुबारकबाद
सैफ अली खाँ
जिला संवाददाता, जन जागरण सदेश
आवास मोहल्ला कच्चा कटरा तिलहर
फर्मः खान कम्प्यूटराइज्ड, धर्मकांटा (50 फिट प्लेट)
शुद्ध तौल ही हमारी पहचान
मंडी समिति के सामने, नेशनल हाइवे तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
अनुज कुमार सिंह
राजकीय ठेकेदार
मेसर्स अनुज सिंह
नगर पालिका परिषद तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
अरविंद कुमार
लिपिक निर्माण अनुभाग
नगर पालिका परिषद, तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
अशोक कुमार गुप्ता
राजकीय ठेकेदार
आवासः मोहल्ला कुंवरगंज तिलहर

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
कुलदीप गुप्ता 'रिंकू' संकल्प गुप्ता
-: फर्म :-
श्री बालाजी मैटल स्टोर
बाजार बिरियागंज, तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
आर.वी.एम इंटर कालेज
तिलहर
शाहजहाँपुर
लाल प्रभात चन्द्र
प्रबंधक
रत्नेश कुमार जयसवाल
प्रधानाचार्य

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
अग्रवाल स्वीट्स
बाजार निजामगंज
दातागंज मोड़, तिलहर
प्रो. महेन्द्र अग्रवाल, शोभित अग्रवाल

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
कमलदीप श्रीवास्तव
सम्पत्ति अनुभाग लिपिक
इस्लाम अली
सफाई अनुभाग लिपिक
नगर पालिका परिषद तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
नईम फरीदी
प्रभारी वेस्ट टू वंडर पार्क/ एमआरएफ
नगर पालिका परिषद, तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
नवीन राय
उप निबंधक
एवं समस्त स्टाफ उप निबंधक कार्यालय
तहसील तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
आलोक कुमार
पूर्ति निरीक्षक
मनीष यादव
पूर्ति निरीक्षक
समस्त कार्यालय स्टाफ, आपूर्ति कार्यालय तिलहर

दीपावली व भैयादूज की दिली मुबारकबाद
इकबाल हुसैन 'फूल मियाँ'
सज्जादानशीन
दरगाह हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियाँ
कच्चा कटरा- तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
सौरभ शुक्ला
इंचार्ज
पुलिस चौकी नगरिया मोड़- कोतवाली, तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
सौरभ सिंह 'गांधी'
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
आवासः ग्राम डभौरा
शिव शक्ति फेमिली एसी रेस्टोरेन्ट
बिलहरी कचियानी खेड़ा, शाहजहाँपुर रोड तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
नीलेश चन्द्र गुप्ता
आयोजक/ कोषाध्यक्ष जनता रामलीला कमेटी
साईंनाथ गेहूँ पिसाई एवं सरसों पिराई केन्द्र
पोटरगंज- तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
अभिषेक सिंह
सभासद
वार्ड सं.12, भक्सी
सतेन्द्र सिंह सुशील
सभासद
वार्ड सं.25, मौजमपुर
नगर पालिका परिषद-तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
देवेन्द्र कुमार
इंचार्ज
पुलिस चौकी चौहटियां- कोतवाली, तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
अविनाश गुप्ता
कुमार बुक डिपो
बड़ा बाजार- तिलहर

दीपावली व भैयादूज की दिली मुबारकबाद
अय्यूब हुसैन
प्रधान लिपिक
एवं समस्त स्टाफ, नगर पालिका परिषद-तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
अशोक अग्रवाल (मुन्नू भईया)
अमित अग्रवाल
प्रमुख पेन्ट व्यवसायी
अग्रवाल जनरल स्टोर
बजाजा बाजार- तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
राधा रमण मिश्रा
प्रदेश उपाध्यक्ष, विश्व हिन्दू रक्षा परिषद
सभासद, वार्ड सं.13, घेरचौवा
नगर पालिका परिषद-तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
साजिद हुसैन सोनी
समाजसेवी
सभासद पति
डा. फिरोज खान
समाजसेवी
वार्ड संख्या 15, नजरपुर, तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
संगीता सिंह, सभासद
वार्ड सं.4, कच्चा कटरा
नगर पालिका परिषद-तिलहर
ठा. उपेन्द्र सिंह नवादा
आवासः नई कालोनी मौजमपुर तिलहर
फर्मः मां वैष्णो इंडस्ट्रीज,
अली अकबरपुर नवादा
मां वैष्णो ईट उद्योग, खंडसार

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
Mrs Shivani Gupta
(Code No. 175322F)
Star Agent
CLIA Mr Amit Kumar Gupta
Mentor
आवासः मोहल्ला दातागंज- तिलहर

समृद्धि न्यूज
के सभी सुधी पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं को
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
यह पावन पर्व आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।
मनोज प्रबल जर्नलिस्ट
प्रतिनिधि समृद्धि न्यूज, तिलहर
मोबा. 7905665149

डीएम ने पुवायां तहसील दिवस में सुनीं जन शिकायतें

- 32 में मात्र 3 का मौके पर निस्तारण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को तहसील पुवायां में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) में आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना। तहसील दिवस के दौरान कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित 21, पुलिस विभाग की 08, विकास विभाग की 02 तथा अन्य विभाग की 01 शिकायत शामिल रही। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से भूमि व जमीनी विवाद से जुड़ी शिकायतों पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय जांच करे और दोनों पक्षों की मौजूदगी में नियमानुसार कार्रवाई करे। मौके पर की गई कार्रवाई के साक्ष्य के रूप में जियो टैग फोटो अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना अनिवार्य होगा। यह सुनिश्चित किया जाए कि समस्या का वास्तविक समाधान हुआ है और शिकायतकर्ता संतुष्ट है। केवल कागजी खानापूर्ति कर शिकायतों का निस्तारण न किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई कर तय समय में निस्तारण किया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय व राहत दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर विधायक पुवायां चेतराम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी पुवायां सदानंद सरोज, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी पुवायां सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

धनतेरस पर खरीदारी कर लौट रहे पिता-पुत्र को दबंगों ने पीटा, 5000 रुपये छीने

समृद्धि न्यूज, जलालाबाद शाहजहांपुर।

धनतेरस पर बाजार से लौट रहे पिता-पुत्र को दबंगों ने बस स्टैंड के पास घेरकर पीटा और 5 हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित अजनेश सिंह ने तहरीर में बताया कि हमलावरों में मुस्तफा उर्फ गौड़, नंदू, भूरें उर्फ सचिन, सूरज व चार अज्ञात लोग शामिल थे। आरोप है कि लाठी-डंडों से मारपीट कर जेब से नकदी निकाल ली और विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर भीड़ जुटी तो आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने जलालाबाद थाने में तहरीर दी है और जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पति के आत्महत्या से पूर्व लिखे प्रताड़ना पत्र की एफएसएल जांच रिपोर्ट आने पर पत्नी गई जेल

- पेंट व्यवसाई विशाल रस्तोगी ने चार साल पूर्व जहर खाकर कर ली थी आत्महत्या
- पत्नी सरिता समेत छह के खिलाफ दर्ज हुई थी रिपोर्ट

मनोज प्रबल

तिलहर - शाहजहांपुर। चार वर्ष पूर्व पत्नी व ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर पेंट व्यवसाई द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने के मामले में मृतक द्वारा मृत्यु पूर्वछोड़े गए प्रताड़ना आरोपित पत्र की एफएसएल जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

नगर के मोहल्ला पक्का कटरा निवासी सराफ विशंभर दयाल रस्तोगी के बेटे विशाल रस्तोगी की वर्ष 2014 में जनपद लखीमपुर खीरी के धौरहरा क्षेत्र के अभयपुर निवासी जगदीश प्रसाद की बेटी सरिता सोनी से शादी हुई थी । सरिता के नागवार रवैये के चलते पिता ने बेटे विशाल रस्तोगी को पोटरगंज के पूर्वी गेट के समीप पेंट का कारोबार करा दिया। दुकान के ऊपर ही विशाल पत्नी के साथ रहने लगा। इसी दौरान विशाल रस्तोगी ने पत्नी की कलह से तंग आकर चार सितंबर 2022 को जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। विशाल की जेब से मिले पत्र में पत्नी सरिता द्वारा उसे प्रताड़ित करने, ससुर जगदीश प्रसाद साला पंकज सोनी व उसकी पत्नी नैंसी, मनोज सोनी व उसकी पत्नी नीतू द्वारा शारीरिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने के कारण मौत को गले लगाने का जिक्र किया गया था। मृतक के पिता विशंभर दयाल रस्तोगी ने कोतवाली पुलिस से लेकर उच्चाधिकारियों द्वारा उसकी न सुने जाने पर वर्ष 2023 में एसीजेएम द्वितीय की कोर्ट में शरण ली।

कोर्ट के आदेश पर 156(3) के तहत युक्त सभी छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई । मामले की सर्व प्रथम तत्कालीन एसआई अनुज चौधरी को विवेचना सौंपी गई। इसके बाद क्रमशः मौजमपुर चौकी इंचार्ज देवेश कुमार, तत्कालीन एसआई प्रमोद कुमार के बाद तत्कालीन एसआई सुनील यादव ने मामले की विवेचना की। विवेचना में मृतक के पत्र को जांच के लिए भेज दिया गया। पत्र की एफएसएल जांच रिपोर्ट आने तक मामला क्राइम इंस्पेक्टर पवन कुमार मलिक को सौंप दिया गया ।श्री मालिक ने शुक्रवार पूर्वान्ह करीब साढ़े ग्यारह बजे आरोपी सरिता रस्तोगी को पोटरगंज स्थित आवास से हिरासत में ले लिया। लिखापढ़ी उपरात शाम को शाहजहांपुर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सरिता को जेल भेज दिया गया। क्राइम इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी महिला की गिरफ्तारी के दौरान उसके रिश्तेदारों को सूचना दी गई। आरोपी की एक नाबालिग बेटी है जिसे उसके मामा को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि अन्य पांच आरोपियों के मामले में विवेचना जारी है।

खेत की सफाई कर रहे दंपती पर हमला मारपीट कर घायल करने का आरोप

समृद्धि न्यूज, खुटार शाहजहांपुर।

- खुटार थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव का मामला
- जमीन पर कब्जे की कोशिश का भी आरोप
- पीड़िता ने चार लोगों के खिलाफ थाने में दी तहरीर

थाना क्षेत्र के गांव हिममतपुर में खेत की सफाई कर रहे दंपती के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता जसवीर कौर पत्नी बलजिंदर सिंह ने गांव के ही चार लोगों पर मारपीट करने और खेत पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए थाना खुटार में तहरीर दी है।

तहरीर के अनुसार, बलजिंदर सिंह अपने घर के पास स्थित खेत में जुताई कराने के लिए साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान भूपेंद्र सिंह, कलविंदर कौर, हरमनप्रीत कौर और एक अन्य व्यक्ति मौके पर पहुंच गए और खेत की सफाई करने से मना करने लगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर उक्त लोगों ने जसवीर कौर और उनके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि भूपेंद्र सिंह ने उनके सिर और शरीर पर वार किए, जबकि अन्य लोगों ने भी लात-घूंसों से हमला किया।

पीड़िता का आरोप है कि मारपीट में उसे और उसके पति को गंभीर चोटें आई हैं। आरोपी आए दिन उनके खेत पर कब्जा करने का प्रयास करते हैं और विरोध करने पर मारपीट करते हैं।

पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षक से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

दीपावली के पर्व पर शंकर महाराज मंदिर में हुआ प्रसाद वितरण, भक्तों में दिखा उत्साह

समृद्धि न्यूज, जलालाबाद शाहजहांपुर।

- मंदिर के पुजारी ने सभी भक्तों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

दीपावली के पावन पर्व पर नगर के प्रसिद्ध शंकर महाराज मंदिर में भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रबंधक व पुजारी गौरी शंकर त्रिवेदी ने अपने सभी भक्तों को प्रसाद वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। दीपावली के दिन सुबह से ही मंदिर में भक्तों का आना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने शंकर महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। दोपहर बाद आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। प्रसाद पाकर भक्तों के चेहरे खिल उठे। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय और उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी गौरी शंकर त्रिवेदी ने सभी भक्तों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी लोग हमेशा खुश रहें, स्वस्थ रहें और त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव का संदेश देता है। इसे सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने सभी भक्तों से गरीब व जरूरतमंदों की मदद करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्यों व स्थानीय भक्तों का विशेष सहयोग रहा। सभी ने व्यवस्था संभालने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सुधीर गुप्ता, करन गुप्ता, विनोद राजपूत, आकाश, सचिन, हमीद राजपूत, मुकेश कुशवाहा, देवेश्वर राठौर, अंकित दीक्षित, कृष्ण कुमार पांडे, विकेश भारद्वाज, आयुष गुप्ता, अमर पाल मोदी सुभाष दीक्षित सहित भक्त मौजूद रहे।

बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान की रोशनी बिखेरने वृद्धाश्रम पहुंचे सीडीओ योगानंद पांडेय

सीडीओ ने फल-मिठाई व उपहार भेंट कर बांटी खुशियां, आत्मीयता देख भावुक हुए बुजुर्ग, दिया आशीर्वाद

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



दीपावली के दीपक घरों को रोशन करते हैं, लेकिन किसी के जीवन में अपनत्व और खुशियों का उजाला भरना ही इस पर्व की वास्तविक सार्थकता है। इसी मानवीय संवेदना और आत्मीय पहल के साथ सीडीओ योगानंद पांडेय दीपावली की खुशियां बांटने सलेमपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने बुजुर्गों के बीच पहुंचकर त्योहार की खुशियां साझा कीं और उन्हें यह एहसास कराया कि वे समाज और प्रशासन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित वृद्धाश्रम में सीडीओ को अपने बीच पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। सीडीओ ने प्रत्येक वृद्धजन से आत्मीयता के साथ बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों को फल, मिठाई एवं दीपावली के अन्य उपहार भेंट किए। उपहारों के साथ मिले स्नेह और सम्मान ने बुजुर्गों को भावुक कर दिया। वृद्धजनों ने भी सीडीओ को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। कुछ पल के लिए वृद्धाश्रम का माहौल किसी परिवार के उत्सवी मिलन जैसा हो गया। सीडीओ योगानंद पांडेय ने बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उनकी दिनचर्या और व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। उनकी आत्मीयता ने यह संदेश दिया कि त्योहार की खुशियां तभी पूरी होती हैं, जब समाज के हर वर्ग तक उनका उजाला पहुंचे। खासकर जीवन के इस पड़ाव पर बुजुर्गों को सम्मान, स्नेह और साथ देना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए सतीश कुमार पाण्डेय एवं वृद्धाश्रम के केंद्र संचालक मौजूद रहे।

लेखपाल और उसके साथियों पर लाठी डंडों व लोहे की रॉड से जानलेवा हमला

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।

- तीन नामजद एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

लेखपाल और उसके साथियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट के मामले पीड़ित लेखपाल की ओर से पुलिस ने नामजद खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ निवासी रवि कुमार वर्तमान में तिलहर तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात हैं। उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह गुरगवां कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। 4 नवंबर 2026 की रात करीब 11 बजे वह अपने साथी शुभम कनौजिया और सुरेंद्र कुमार के साथ बाइक से मोहल्ला हिंदू पट्टी में अपने मित्र नितिन कुमार के घर से वापस लौट रहे थे।

इसी दौरान आर्य समाज मंदिर के पास बाइक सवार दो लोगों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर गए। पीड़ित के मुताबिक घटना की जानकारी उन्होंने अपने साथी तरुण प्रताप सिंह और नितिन कुमार को दी। इसके बाद सभी लोग रात में ही कोतवाली पहुंचकर पुलिस को मौखिक रूप से घटना की जानकारी देकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मुख्य चौराहे के पास उन्हें टक्कर मारने वाले दोनों युवक सामने से आते दिखाई दिए। पहचान होने पर दोनों बाइक से भागने लगे।

इस पर रवि कुमार और उनके साथियों ने उनका पीछा किया। आरोप है कि दोनों युवक मोहल्ला नई बस्ती में घुस गए, जहां उन्होंने पीड़ित पर अन्य साथियों पर अन्य लोगों के साथ मिलकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया। हमले में तरुण प्रताप सिंह मौके पर ही बेहोश हो गए, जबकि नितिन कुमार का सिर फट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने आसपास के लोगों से जानकारी करने पर रचित पुत्र महेंद्र, जयबाबू पुत्र गुड्डू, कुलदीप, आदित्य और अन्य अज्ञात लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है।

13 नवंबर को महाऊ दुर्ग में होगा जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग ट्रायल

- चयनित खिलाड़ी राज्य चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा

सिंधौली, शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए शाहजहांपुर जनपद की टीम का चयन 13 नवंबर को किया जाएगा। इसके लिए विकासखंड सिंधौली के ग्राम महाऊ दुर्ग स्थित वेटलिफ्टिंग सेंटर पर दोपहर एक बजे से जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। शाहजहांपुर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अजय पाल वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के सभी भार वर्गों में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर आयु वर्ग के खिलाड़ी निशुल्क प्रतिभाग कर सकेंगे। खिलाड़ियों का चयन उत्तर प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा निर्धारित क्वालीफाई भार के मानकों के अनुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश वेटलिफ्टिंग स्टेट कार्ड और आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। ट्रायल के माध्यम से चयनित जनपदीय टीम 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक मुगलसराय, जनपद चंदौली में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शाहजहांपुर का प्रतिनिधित्व करेगी। एसोसिएशन सचिव ने इच्छुक खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि और समय पर वेटलिफ्टिंग सेंटर पहुंचकर पंजीकरण कराने की अपील की है।

मोबाइल पाकर लौटी मुस्कान, 32 लाख के 151 खोए मोबाइल फोन बरामद



लखीमपुर-खीरी। सर्विलांस सेल एवं साइबर थाने की संयुक्त टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए जनपद के विभिन्न स्थानों से खोए हुए करीब 32 लाख रुपये कीमत के 151 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसएसपी खीरी डॉ. ख्याति गर्ग ने बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। लंबे समय बाद अपने खोए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। इस मौके पर एएसपी पश्चिमी अमित राय, सीओ सिटी महक शर्मा एवं सीओ लाइन अभिमन्यु त्रिपाठी मौजूद रहे।

पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के वांछित को किया गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज, कलान-शाहजहांपुर।

कलान पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसपी शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित एवं वारंटी अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एसपी ग्रामीण के निर्देशन एवं जलालाबाद के पर्यवेक्षक में थाना कलान पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई।बीते 3 नवंबर को थाना कलान पर वादी द्वारा दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री खेत पर शौच के लिए गई थी।उसके साथ अभियुक्त विपिन पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम उदियावारा मजरा पिलुआ ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या- 371/26 धारा- 65(1) बीएनएस 3/4 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया। विवेचना के दौरान मुकदमे में धारा-3/4 पॉक्सो एक्ट का लोप कर धारा-3/4 (2)पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन कर लगातार प्रयास किया जा रहा था। 6 नवंबर को मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अभियुक्त को आंधीदेई रोड पर धर्मपुर पुलिया के पास गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार, महिला कांस्टेबल दीपा पुलिसकर्मी शामिल रहे।

सूचना

मेरे पुत्र गुरविंदर सिंह का विवाह गुरप्रीत सिंह के साथ हुआ था, लेकिन तालमेल नही खाने पर सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस (उच्च न्यायालय) ब्राम्पटन, देश कनाडा में 06.07.2025 विवाह विच्छेद हो गया है। अब मेरा पुत्र दूसरा विवाह करने जा रहा है। इसमें पूर्व पत्नी व उसके परिजन कोई व्यवधान विवाह या उसके बाद ना डाले, यदि डाले तो वह कानूनी रूप से मान्य ना माना जाए। **मनिंदर सिंह पुत्र सज्जन सिंह नि. ग्रा. खमरिया गदियाना तह. पुवायां, शाहजहांपुर।**

आवश्यकता है

आर.वी.एम.इण्टर कालेज तिलहर, शाहजहाँपुर में सहायक लिपिक (सामान्य वर्ग) का एक पद मौलिक रूप से रिक्त है। जिसके लिए अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष कम्प्यूटर में सी.सी.सी.पास होना अनिवार्य है जिसके लिए विज्ञापन तिथि से बीस दिवस के अन्दर आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जायेंगें। आवेदन पत्र के साथ प्रबन्धक आर.वी.एम.इण्टर, कालेज, तिलहर, शाहजहाँपुर के नाम से रूपये 1000/- का भारतीय स्टेट बैंक तिलहर का बैंक ड्राफ्ट संलग्न होना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा अथवा निरस्त समझा जायेगा। नोट-लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु पृथक से सूचना दी जायेगी। **लाल प्रभात चन्द्र प्रबन्धक आर.वी.एम. इण्टर कालेज तिलहर, शाहजहाँपुर।**

सम्पूर्ण समाधान दिवसः शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसरः डीएम

- कुल 53 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, चार शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा.मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 53 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 18, पुलिस 12, विकास 06, समाज कल्याण 02, आपूर्ति 05, विद्युत 06, कृषि 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलवा राजू आर, सीओ महक शर्मा, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा सहित सभी जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

CHANGE OF NAME

I, ANGAYAN KANNI, Mother of Army No 2615846H Rank HAV Name THIRUNAVUKKARASU S presently residing at Vill - Melathikan, PO, Teh & Dist Tiruvannamalai, Tamil Nadu, PIN - 606601, I have changed my name from ANGAYAN KANNI to ANKAIYAR KANNI S as per Aadhaar Records. Vide Affidavit Declaration Date 30 Oct 2026. ADVOCATE AND Notary Ram Keshav Tiwari Shahjahanpur (up)

CHANGE OF NAME

I, SIVAPRAKASM, Father of Army No. 2615846H Rank HAV Name THIRUNAVUKKARASU S presently residing at Vill - Melathikan, PO, Teh & Dist Tiruvannamalai, Tamil Nadu, PIN - 606601, I have changed my name from SIVAPRAKASM to SIVAPRAKASAM R as per Aadhaar Records. Vide Affidavit Declaration Date 30 Oct 2026.
Advocate and Notary Ram Keshav Tiwari, Shahjahanpur (UP).

Happy Diwali
दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
प्रस्तुतिः मनोज प्रबल, संवाददाता- तिलहर, मो. 7905665149
Happy Diwali

धनतेरस, दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
हरिमोहन गुप्ता
सोरभ गुप्ता (रवि)
नगर अध्यक्ष
उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल
ब्रांड अम्बेसडर नगर पालिका तिलहर
प्रतिष्ठानः- मै. आर.बी. राइस मिल
श्री नरसिंह इंटरप्राइजेज नवीन मंडी स्थल तिलहर
मो. 9235679753

समाजवादी पार्टी
दीपावली
त्यौहार की सभी को
दिली मुबारकबाद
अनवर उल्ला खां
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा
आवास - मोहल्ला उम्मरपुर
★ रॉयल पैलेस ★ सिटी हॉस्पिटल - तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
डा. संदीप सिन्हा BAMS. CCH. MD. (M)
गुदारोग विशेषज्ञ एवं फिजीशियन
आजीवन सदस्य नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल एसो. उ.प्र.
सदस्य भारतीय चिकित्सा परिषद उ.प्र.
भूतपूर्व चिकित्सक धनवंतरि हास्पिटल बैंगलोर
भूतपूर्व चिकित्सक राधा कृष्ण हास्पिटल नागपुर
सिन्हा क्लीनिक
पताः मो. कुंवरगंज (पोटरगंज गेट के सामने) तिलहर

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें
पंकज गुप्ता राइस मिलर
पूर्व प्रांतीय सचिव, राइस मिलर्स एसोसिएशन उ.प्र.
आकाश गुप्ता
फर्मः- श्री बांके बिहारी जी फिलिंग स्टेशन
गुप्ता राइस मिल, राधा टाकीज
राधा इंडस्ट्रीज, राधा कोल्ड स्टोरेज
बालाजी ट्रेडिंग कंपनी तिलहर- शाहजहाँपुर

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
सेठ प्रमोद कुमार गुप्ता
"डब्लू भईया"
निखिल कुमार गुप्ता
फर्मः आदेश गुप्ता
ब्रिक फील्ड
जैतीपुर रोड, निकट ग्राम भुइली
आवासः मोहल्ला कुंवरगंज- तिलहर

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
रुम सिंह यादव
प्रबंधकः सेठ रामचंद्र सिंह इंटर कालेज खड़सार
वरिष्ठ बसपा नेता
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
आवासः ग्राम खड़सार, मो. निजामगंज तिलहर
डा. हर्षित यादव
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
सीएचसी जलालनगर- शाहजहाँपुर
डा. प्रियंका यादव
चिकित्सा अधिकारी
सीएचसी तिलहर- शाहजहाँपुर

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
सुशील बाबू गुप्ता
जिला कार्यालय मंत्री भाजपा
पूर्व उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद तिलहर
इंजी. नमन गुप्ता
जतिन गुप्ता
सभापति साधन सहकारी समिति बतलैया
फर्म- राधा फिलिंग स्टेशन, कौशल फीलिंग स्टेशन
आवासः मोहल्ला कुंवरगंज, तिलहर

दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनायें
राहुल गुप्ता
कमलेश गुप्ता 'पप्पू'
प्रदेश सचिव, राइस मिलर एसोसिएशन
फर्म- एस.के. इंडस्ट्रीज, नेशनल हाइवे तिलहर
एस.के बार एंड रेस्टोरेंट/
पेंट स्टोर, निकट पोटरगंज पूर्वी गेट
शिव ट्रेडिंग कंपनी, नवीन मंडी तिलहर
श्री श्याम हरि इंटरप्राइजेज, खैरपुर रोड भुड़ेली
मोहित गुप्ता
सदस्य जिला कार्य समिति भाजपा (पूर्व सभासद)

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
सुरेन्द्र
स्वीट हाउस
बड़ा बाजार, मेन चौराहा- तिलहर
-: प्रोपराइटर:-
सुरेन्द्र कुमार राठौर
शौर्य राठौर

दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनायें
स्वामी पद्मनाभ जी महाराज
राष्ट्रीय अध्यक्ष
डा. यशवंत मैथिल
राष्ट्रीय महासचिव
राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ भारत

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
शिवम गुप्ता
मैसर्स महाकाल कंक्रीट क्रियेशन
प्रो. आशी गुप्ता पत्नी शिवम गुप्ता
RCC ड्रेनकवर, इंटरलाक ईट, कर्वस्टोन, RCC पिलर
आवासः मोहल्ला कुंवरगंज, तिलहर

AMB
दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
आर्य मिष्ठान भंडार
नंदलाल आर्य की पुरानी दुकान
सदर बाजार- शाहजहाँपुर, कार्यशाला निजामगंज तिलहर
हमारे यहाँ शुद्ध देशी घी
से निर्मित उत्कृष्ट मिठाईयाँ
नमकीन, दीपावली गिफ्ट
आदि उचित मूल्य पर
उपलब्ध हैं
प्रो:- ओम प्रकाश रविन्द्र कुमार


धनतेरस, दीपावली व भैयादूज
की
हार्दिक शुभकामनायें
सबका साथ- सबका विकास
सबका विश्वास- सबका प्रयास
मेरा लक्ष्य विकसित और समृद्ध
तिलहर विधान सभा
सलोना कुशवाहा
विधायक, 133 विधान सभा, तिलहर

आधुनिक लेखन, सिनेमा एवं कलाओं में श्रीराम

डॉ. लोकेन्द्र सिंह

श्री राम भारतीय जनमानस की चेतना में केवल एक ऐतिहासिक चरित्र नहीं बल्कि मर्यादा, कर्तव्य और आदर्श के शाश्वत प्रतीक हैं। इसलिए भारत और भारत के बाहर भी, राम पर विपुल लेखन हुआ, सिनेमा एवं नाट्य रचे गए, कला-संस्कृति में भी श्रीराम के संदेश की छाप है। हम कह सकते हैं कि आधुनिक साहित्य, सिनेमा और दृश्य कलाओं में नए सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक दृष्टिकोणों के साथ रामकथा पुनर्परिभाषित हुई है। राम की कहानी है ही ऐसी कि हम सब जितनी बार सुनते, देखते और पढ़ते हैं, उतनी बार जीवन के वास्तविक आनंद की अनुभूति होती है। इसी अलौकित आनंद की अनुभूति के लिए हम बार-बार रामकथा में डूबना चाहते हैं। भगवान श्रीराम पर विपुल लेखन किया जा चुका है। इसके बाद भी आनंद की बात है कि श्रीराम पर आज भी खूब लिखा जा रहा है और आगे भी लिखा जाता रहेगा। आधुनिक लेखकों ने नये ढंग से और अपने ढंग से राम कहानी सुनाने का प्रयास किया है। वे श्रीराम को अलौकिक ईश्वर के रूप में भी प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके साथ ही उनको एक संघर्षशील मानव, संवेदनशील शासक और अंतर्द्वंद्वों से जूझते नायक के रूप में भी दिखाने का प्रयास किया गया है। 'राम की शक्ति-पूजा' में सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने राम को सामान्य मनुष्य के रूप में चित्रित किया जो युद्धक्षेत्र में रावण की महाशक्ति से मुकाबला करते हुए संशय और निराशा के दौर से गुजरते हैं। आत्मशक्ति की खोज करते हैं। श्रीराम का यह रूप मानव संघर्ष, आत्मसंशय पर विजय और राष्ट्र जागरण का प्रतीक बन जाता है।

इसी प्रकार, प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. नरेंद्र कोहली ने रामकथा को पारंपरिक धार्मिक या भक्तिकाव्य के रूप में नहीं, बल्कि एक यथार्थवादी, वैज्ञानिक और आधुनिक मानवीय दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया है। उनकी रामकथा में ऋषि-मुनि केवल पूजा-पाठ करने वाले तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें वैज्ञानिक, रणनीतिकार और समाज को आत्मनिर्भर बनाने वाले बुद्धिजीवी के रूप में दिखाया गया है। उनके अनुसार राक्षस कोई अलग जीव नहीं थे बल्कि समाज का शोषण करने वाली और मानवीय शांति में बाधक बनने वाली %प्रवृत्ति% के प्रतीक थे, जिसे उन्होंने आज की घटनाओं से जोड़कर समझाया है। युवाओं के प्रिय लेखक अमीश त्रिपाठी ने 'रामचंद्र शृंखला' में राम को नियमों के पालनकर्ता, कानून के प्रति प्रतिबद्ध और समाज सुधारक के रूप में प्रस्तुत किया है। भगवान श्रीराम और उनकी कहानी के अन्य पात्रों पर सिनेमा, धारावाहिक और नाटकों की एक लंबी शृंखला है। रामकथा पर सिनेमा रचने में केवल भारतीय ही शामिल नहीं है, अपितु विदेशी निर्माता भी शामिल हैं। रामानंद सागर ने 'रामायण' पर अमर चित्रपट बनाकर इतिहास रच दिया। दूरदर्शन पर प्रसारित इस धारावाहिक में अरुण गोविल द्वारा निभाया गया राम का शांत, सौम्य और करुणामय रूप भारतीय जनमानस में स्थायी रूप से अंकित हो गया। रामानंद सागर ने एक ऐसी लकीर खींची है कि उसके आगे जाना मुश्किल हो रहा है। अभी दो-तीन वर्ष पहले कुछ निर्माताओं ने रामायण पर अपने ढंग से फिल्म बनाई। उनके प्रयोगों को दर्शकों ने नकार दिया। अब नयी टीम मैदान में है, 4000 करोड़ के बजट के साथ रामायण की कहानी सुनाने आए हैं। उनके भी कुछ प्रयोगों को जनता स्वीकार नहीं कर पा रही है। जहाँ व्यवसाय और वैचारिक एजेंडा हावी होगा, वहाँ भाव की प्रधानता का लोप होना सामान्य बात है। भारतीय इतिहास पर सिनेमा रचने वालों को 'हनुमान अंश' के निर्माताओं से सीखना चाहिए, जिन्होंने पैसा कमाने पर नहीं अपितु कहानी सुनाने पर ध्यान दिया। मणिरत्नम की फिल्म रावण (2010) जैसे प्रयोगों में राम, सीता और रावण के प्रतीकों को आधुनिक पुलिस अधिकारी, बंधक और विद्रोही के जटिल द्वंद्व के रूप में प्रस्तुत किया गया। तमिल, तेलगू, गुजराती, मराठी और कन्नड़ सहित अन्य भारतीय भाषाओं में भी रामकथा पर सिनेमा रचा गया है। रामायण ने जापान के चित्रपट निर्माताओं को भी आकर्षित किया। जापानी फिल्म निर्माता युगो साको ने बच्चों के लिए 'रामायण= द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम (1992)' का निर्माण किया। लेकिन यह केवल बच्चों को नहीं, अपितु सबको पसंद आई। इसे जापानी एनीमेशन और भारतीय कथा के अनूठे समन्वय के तौर पर देखा गया। तेलुगू सिनेमा = संपूर्ण रामायणमु (1958) - एन. टी. रामाराव (श्रीराम)। सीताराम कल्याणम (1961) - एन. टी. रामाराव (रावण) और हरनाथ (राम)। लव कुश (1963) - यह तेलुगू सिनेमा की मील का पत्थर मानी जाने वाली रंगीन फिल्म है, जिसमें एन. टी. रामाराव ने श्रीराम और अंजलि देवी ने सीता का अभिनय किया था। श्री राम राज्यम (2011) - बापू द्वारा निर्देशित, जिसमें नंदमुरी बालकृष्ण (श्रीराम) और नयनतारा (सीता) मुख्य भूमिका में थे। तमिल सिनेमा = सीता कल्याणम (1934) - प्रभात टॉकीज और मुरुगादास द्वारा निर्देशित प्रारंभिक काल की प्रसिद्ध फिल्म। कन्नड़ सिनेमा = वाल्मीकि (1963) - महर्षि वाल्मीकि के जीवन और रामायण रचना पर केंद्रित फिल्म (डॉ. राजकुमार मुख्य भूमिका में)। श्री राम पूजा (1955)। दशहरा (1960) - भगवान विष्णु के दशावतारों में रामावतार प्रसंग। मराठी सिनेमा = लंका दहन (1917) - दादा साहेब फाल्के द्वारा निर्मित ऐतिहासिक मूक फिल्म, जिसमें अन्ना सालुंके ने श्रीराम और सीता दोनों की भूमिका निभाई थी। सेतु बंधन (1932) - बाबूराव पेंटर और भालजी पेंढारकर द्वारा निर्देशित। रामराज्य (1943) - विजय भट्ट द्वारा मराठी और हिंदी दोनों में एक साथ बनाई गई। यह एकमात्र ऐसी फिल्म मानी जाती है जिसे महात्मा गांधी ने देखा था। गुजराती सिनेमा = संपूर्ण रामायण (1970 के दशक) - गुजराती में डब व रूपांतरित रूप में प्रदर्शित। सीता हरण / सती सीता - गुजराती धार्मिक सिनेमा के दौर में निर्मित। मलयालम = कंचन सीता (1977) - जी. अरविंदम द्वारा निर्देशित समांतर सिनेमा की विश्वप्रसिद्ध कलात्मक फिल्म, जो सी. एन. श्रीकंटन नायर के नाटक पर आधारित है। इसमें प्रकृति को सीता का रूप मानकर राम के अंतर्द्वंद्व को दिखाया गया है। सीता स्वयंवरम (1976)।

भाजपा के आक्रामक जवाब से विपक्ष की एकता को लेकर उसकी चिंता सामने आई

के रवींद्रन



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का बढ़ता आक्रामक जवाब बताता है कि सत्ताधारी पार्टी को अपनी राजनीतिक अजेयता पर उतना भरोसा नहीं है जितना उसके सार्वजनिक बयानों से लगता है। विपक्ष की लामबंदी को खारिज करने में खर्च की गई बहुत ज्यादा ऊर्जा, साथ ही राजनीतिक गठबंधनों को फिर से बनाने की नई कोशिशें, राष्ट्रीय राजनीतिक बहस की बदलती दिशा को लेकर अंदरूनी चिंता की ओर इशारा करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि कांग्रेस 2029 के संसदीय चुनाव नहीं जीत सकती, खास तौर पर चौंकाने वाला है। मौजूदा विवाद चुनाव आयोग की विश्वसनीयता, वोटर लिस्ट की ईमानदारी और वोटरों को वोट देने से वंचित करने के आरोपों से जुड़ा है। फिर भी भाजपा का जवाब बार-बार सरकार बदलने की उम्मीदों, नरेंद्र मोदी के चुनावी भविष्य और सरकार को हटाने में विपक्ष की कथित नाकामी की तरफ मुड़ गया है। यह एक बड़ा राजनीतिक बदलाव है। एक सरकार जो अपनी स्थिति से पूरी तरह खुश है, वह शायद चुनावी प्रक्रिया का बचाव करने और प्रदर्शनकारियों द्वारा उठाए गए खास सवालों के जवाब देने पर ध्यान देगी। इसके बजाय, सत्ताधारी पार्टी ने संस्थागत जिम्मेदारी पर विवाद को अपने चुनावी दबदबे पर एक और जनादेश में बदलने की कोशिश की है। ऐसा जवाब निश्चित रूप से भाजपा नेतृत्व द्वारा दिखाए गए भरोसे पर सवाल उठाने का आधार देता है। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में किया गया आंदोलन शुरू में ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ था। इसका महत्व चुनावी प्रशासन पर एक तकनीकी विवाद को लोकतांत्रिक संस्थान की निष्पक्षता पर सवाल उठाने वाले एक बड़े जन आंदोलन में बदलने की संभावना में था। भाजपा इस आंदोलन को सीमित राजनीतिक नतीजों के साथ एक अलग विरोध के रूप में देख सकती थी। हालांकि, अभियान का राजनीतिक रूप से सामना करने के उसके फैसले ने विवाद को चुनाव आयोग से आगे बढ़ाने में मदद की है। इसलिए सरकार की आलोचना करने वालों को चुनावी शिकायतों को संवैधानिक संस्थाओं और सत्ता की शक्ति के बीच संबंधों के बारे में बड़े सवालों से जोड़ने का मौका मिल गया है।दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर की रैली ने इस टकराव को और ज्यादा सामने ला दिया। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और दूसरे विपक्षी नेताओं की मौजूदगी ने दिखाया कि इस विवाद ने उन पार्टियों को एक साथ लाने के लिए काफी राजनीतिक तूल पकड़ लिया था जिनके क्षेत्रीय हितों ने अक्सर मिलकर काम करने में रुकावट डाली है। भाजपा की प्रतिक्रिया, भीड़ के अपने अंदाजे से बिल्कुल अलग था। पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने रैली को विफल बताया और कहा कि लगभग 40 प्रतिशत मैदान खाली रहा। दूसरे भाजपा नेताओं ने विपक्ष के भीड़ के अंदाजे पर सवाल उठाए और ऑर्गनाइजर पर गुमराह करने वाली इमेज के जरिए उपस्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर बताने का आरोप लगाया। असल में भीड़ कितनी थी, इस पर अभी भी बहस चल रही है, और इस बहस को पक्के तौर पर साबित करने के लिए कोई अलग से तय आंकड़ा नहीं है। फिर भी, रैली को बदनाम करने का भाजपा का पक्का इरादा एक साफ राजनीतिक सवाल खड़ा करता है। अगर यह जमावड़ा सच में कोई खास नहीं था, तो इसकी कोई अहमियत न दिखाने पर इतना ध्यान क्यों दिया गया? इसका जवाब शायद तुरंत भीड़ की ताकत और लंबे समय के राजनीतिक जोश के बीच के फर्क में छिपा हो। एक रैली से चुनाव के नतीजे तय नहीं होते, लेकिन वोटरों से जुड़ी किसी शिकायत के इर्द-गिर्द लगातार अभियान चलाने से एक ऐसा सांगठनिक मंच बन सकता है जो असली झगड़े से कहीं आगे तक जाता है। भाजपा इस फर्क को ज्यादातर राजनीतिक संगठनों से बेहतर समझती है। इसकी अपनी बढ़त में ऐसे आंदोलनों ने मदद की जिन्होंने लोगों की नाराजगी को लगातार राजनीतिक लामबंदी में बदल दिया। इसलिए यह मानना गलत होगा कि इसका नेतृत्व कई बड़ी विपक्षी पार्टियों के प्रदर्शनों को बिना चुनावी असर के सिर्फ तमाशा मानती है।

रामलीला मैदान में लामबंदी के मायने रखने का एक और कारण है। ऐतिहासिक रूप से विपक्षी एकता तब सबसे असरदार रही है जब पार्टियों को कोई ऐसा साझा मुद्दा मिल जाता है जो उनके मतभेदों को दूर कर सके। चुनावी ईमानदारी ठीक ऐसा ही मंच देती है क्योंकि हर विपक्षी पार्टी की दिलचस्पी यह पक्का करने में होती है कि मतदाता का नाम दर्ज होना, चुनावी प्रशासन और मतदान गिनती की प्रक्रिया पर जनता का भरोसा बना रहे। महाराष्ट्र के घटनाक्रम भाजपा के रणनीतिगत गणना का ज्यादा ठोस इशारा देते हैं। विपक्ष की रैली के ठीक एक दिन बाद, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट के वरीय नेताओं ने अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान विरोधी एनसीपी गुटों को एक साथ एनडीए में लाने की संभावना पर चर्चा हुई। इस पहल का राजनीतिक महत्व स्पष्ट है। विपक्ष को एकजुट करने के प्रयासों में शरद पवार की भागीदारी ने इंडियाश् गठबंधन की विश्वसनीयता बढ़ाई है। अगर एनडीए के दायरे में एनसीपी फिर से एक हो जाती है, तो इससे विपक्षी गठबंधन कमजोर होगा, जबकि महाराष्ट्र में सत्ताधारी गठबंधन की स्थिति मजबूत हो जाएगी। हालांकि, इस प्रस्तावित व्यवस्था के सामने कई बड़ी रुकावटें हैं। अजित पवार गुट के भीतर, खासकर सुनेत्र पवार और पार्थ पवार की भूमिकाओं को लेकर मतभेद हैं, जिससे बातचीत जटिल हो गई है। एनसीपी नेताओं ने भी उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा जा रहा था कि पार्टी का फिर से एक होना तय है। इसलिए, भाजपा की ओर से गुटों को एक साथ लाने की कोशिश अभी भी एक लक्ष्य ही है, न कि कोई पूरी हो चुकी राजनीतिक पुनर्व्यवस्था। फिर भी, इस समय पर ध्यान देना जरूरी है। गठबंधन बनाना लंबे समय से भाजपा की राजनीतिक रणनीति का अहम हिस्सा रहा है, लेकिन विपक्षी ताकतों को अपनी ओर खींचने पर दिया जा रहा नया जोर यह दिखाता है कि पार्टी को एहसास है कि सिर्फविचारधारा के आधार पर लोगों को एकजुट करके लंबे समय तक चुनावी दबदबा बनाए नहीं रखा जा सकता। तमिलनाडु के मामले में यह समीकरण एक अलग ही पहलू दिखाता है। कांग्रेस से अलग होने के बाद, भाजपा और डीएमके के बीच किसी मुद्दे पर सहयोग की खबरें बताती हैं कि राजनीतिक सीमाएं अब पहले से कहीं ज्यादा लचीली हो गई हैं। इस तरह के सहयोग को पूरी तरह से गठबंधन तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन संसद के स्तर पर सीमित तालमेल भी विपक्ष की सामूहिक मोलभाव करने की ताकत को कमजोर कर सकता है। अब भाजपा के पास लोकसभा में अपने दम पर बहुमत नहीं है और अपनी सरकार चलाने के लिए उसे गठबंधन सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस वजह से, पार्टी के उस दौर की तुलना में जब उसका अकेले दबदबा हुआ करता था, अब एनडीए को बचाए रखना और उसका विस्तार करना कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। मौजूदा टकराव से यह तो पता नहीं चलता कि 2029 में भाजपा की हार तय है, लेकिन यह धारणा जरूर कमजोर हुई है कि ऐसी हार राजनीतिक रूप से असंभव है। अमित शाह के दावे, रामलीला मैदान की रैली की लगातार आलोचना करना और साथ ही नए सहयोगियों की तलाश करनाकृये सब बताते हैं कि सत्ताधारी पार्टी पूरी तरह सतर्क है। वह नहीं चाहती कि विपक्ष का बिखरा हुआ असंतोष एकजुट होकर एक बड़ी राष्ट्रीय चुनौती का रूप ले ले।

दीपावली के अवसर पर इस बार एक दीप नशा-विरोधी जंग के नाम

केवल सिंह ढिल्लों



दीपावली केवल दीपों की औपचारिक सजावट या एक दिन के उत्सव का नाम नहीं, बल्कि यह मानवीय चेतना में अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की शाश्वत विजय का आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रतीक है। सदियों से भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में जहां भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास के पश्चात अयोध्या लौटने की खुशी में घी के दीप जलाकर नगरवासियों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की थी, वहीं सिख इतिहास में यह पर्व 'बंदी छोड़ दिवस' के रूप में मानव स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को उपहार देते हैं, शुभकामनाएं सांझी करते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। समय के साथ दीपावली मनाने के तरीकों और साधनों में बड़े सामाजिक एवं तकनीकी बदलाव आए हैं। एक समय था जब ग्रामीण कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के छोटे-छोटे दीए हर घर की दहलीज पर सरसों या तिल के तेल से रोशन होते थे। धीरे-धीरे मोमबत्तियों का दौर आया, फिर बिजली के रंग-बिरंगे छोटे बल्बों वाली लडियों ने उनकी जगह ली और आज के तकनीकी युग में एल.ई.डी. लाइटों, लेजर शो तथा आधुनिक प्रोजैक्शन के माध्यम से घरों और विशाल इमारतों को रोशनी से जगमगाया जाता है। उल्लेखनीय है कि दीपावली कार्तिक मास की अमावस्या की घोर अंधेरी रात को मनाई जाती है। हमारे पूर्वजों ने इसी अंधेरी रात को चुनकर हमें यह शाश्वत संदेश दिया कि अंधकार से डरकर बैठने की बजाय उसके सामने मिट्टी का एक छोटा-सा दीपक जलाकर खड़े होना ही वास्तविक मानवीय साहस है। दीपक की छोटी लेकिन अडिग लौ यह साबित करती है कि अंधकार चाहे कितना भी गहरा और व्यापक क्यों न हो, वह प्रकाश की एक छोटी-सी किरण का सामना नहीं कर सकता। लेकिन पंजाब की वर्तमान वास्तविकता हमारी आत्मा को झकझोर देती है। इस पवित्र धरती को आज नशों के काले अंधकार ने चारों ओर से घेर लिया है। सिंथैटिक ड्रग्स, कैमिकल नशों और दवाइयों के दुरुपयोग के जहरीले प्रभाव से पंजाब के हजारों घरों के चिराग दिन-दिहाड़े बुझ रहे हैं। गांवों की सड़कों और गलियों से जवान बेटों की अर्थियां उठ रही हैं और माताओं की गोद सूनी हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और पंज फाऊंडेशन के अध्ययन के अनुसार, एक दशक में 1,100 से अधिक दर्ज ओवरडोज से मौतें सामने आई हैं, जबकि जमीनी वास्तविकता में असमय मौत का शिकार हुए युवाओं की संख्या इससे कहीं अधिक होने की आशंका है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि नशों का दानव स्कूल जाने वाले बच्चों तक को अपनी चपेट में ले रहा है। इस त्रासदी का सबसे दर्दनाक और भयावह पहलू यह है कि इस अंधकार का शिकार केवल वे युवा नहीं बन रहे, जो भटकाव या मजबूरी में नशे की दलदल में फंस गए हैं, बल्कि यह काला माफिया उन निडर लोगों के जीवन के दीप भी रक्तपात के जरिए बुझा रहा है, जो इस अंधकार को चुनौती देने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना मैदान में उतरते हैं। इस संदर्भ में हाल ही में मानसा में हुई हिंसक घटना पूरे पंजाब की अंतरात्मा पर एक गहरा घाव है। 13 अक्तूबर, 2026 को मानसा में 'नशा रोको, रोजगार दो' अभियान के प्रमुख कार्यकर्त्ता परविंदर सिंह झोटा की मैडीकल स्टोरों पर अवैध रूप से बेचे जा रहे नशीले कैप्सूलों और गोलियों का फेसबुक लाइव के माध्यम से पर्दाफाश करते समय दिन-दिहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। परविंदर झोटा कोई निजी लड़ाई नहीं लड़ रहे थे, वह तो पंजाब के बुझते हुए चिरागों को बचाने के लिए नशा तस्करों और कालाबाजारियों के गठजोड़ के सामने एक प्रकाश स्तंभ बनकर खड़े थे। इसी प्रकार पंजाब के विभिन्न गांवों में जब भी गांव स्तर पर नशा विरोधी समितियों या जागरूक पंचायतों ने नशा तस्करों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया, तो उन पर भी मुक्तसर और पटियाला जिलों की तरह जानलेवा हमले हुए और समाजसेवियों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी। ऐसे गंभीर माहौल में क्या हमारी दीपावली केवल मिठाइयां खाने और पटाखे चलाने तक सीमित रह सकती है? जिन घरों के आंगन में चिताएं जल रही हों, वहां रंग-बिरंगी लाइटों का दिखावा हमें शोभा नहीं देता। इसलिए आइए, इस बार दीपावली मनाते हुए जहां हम आपसी खुशियां और प्रेम-प्यार की शुभकामनाएं सांझी करें, वहीं अपने घर की दहलीज पर एक विशेष दीप उन परिवारों के लिए भी जलाएं, जो नशों के काले अंधकार में अपने प्रियजनों को खो चुके हैं और उन युवाओं की आत्मिक शांति के लिए भी, जो असमय मृत्यु का शिकार हुए हैं। एक दीप परमिंदर सिंह झोटा जैसे उन सभी संघर्षशील योद्धाओं की पवित्र स्मृति में जलाएं, जिन्होंने पंजाब के भविष्य को बचाने के लिए अपना खून बहाया। यह दीप केवल मिट्टी और तेल से जुड़ी एक रस्म नहीं होगा, बल्कि नशों के अंधकार के विरुद्ध पंजाबियों की अटूट एकजुटता, सामाजिक संघर्ष में डटे रहने के संकल्प और हर बुझते हुए चिराग को फिर से रोशन करने का दृढ़ प्रण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही 31 दिसम्बर, 2029 तक भारत को नशा मुक्त बनाने के साथ-साथ पंजाब को भी नशा मुक्त करने का संकल्प लिया है। यह दीप उस राष्ट्रीय मिशन और संकल्प का भी प्रतीक बनेगा।आइए, अंधकार को कोसने की बजाय नशा-मुक्त पंजाब का दीप जलाकर अमावस्या की काली रात को चुनौती दें। इस दीपावली संकल्प लें कि हम अपने पंजाब को नशा-मुक्त, अपराध-मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, क्योंकि पंजाब को केवल रोशनी से सजे घर नहीं, बल्कि खुशहाल परिवार, सुरक्षित युवा और नशे से मुक्त भविष्य चाहिए।

वोट चोरी के खिलाफ विपक्ष की रैली से बदलाव की उम्मीद



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के आंदोलन के सिलसिले में 1 नवंबर को हुई विपक्ष की संयुक्त रैली अहम मोड़ है जो उन्हें बचाने और बढ़ावा देने वाले राजनीतिक आका के खिलाफभी है। इस स्थिति में, विपक्ष अब मौजूदा चुनाव आयोग के ढांचे के भीतर रहकर काम नहीं कर सकता क्योंकि ऐसा करने पर मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ उनके आंदोलन की विश्वसनीयता पूरी तरह खत्म हो जाएगी। 2027 की शुरुआत में उत्तर प्रदेश और चार अन्य राज्यों में चुनाव होने हैं तो ऐसे में स्थिति बिल्कुल साफहै- या तो सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त को बदलने का कोई रास्ता निकाले (हालांकि ऐसा करने पर उसे भारी शर्मिंदगी झेलनी पड़ेगी क्योंकि सरकार ने खुद ज्ञानेश कुमार का बचाव उनसे कहीं ज्यादा किया है) या फिर विपक्ष उनके नेतृत्व में होने वाले चुनावों से दूर रहे। कई लोगों ने पहले ही मांग की है कि अगर ज्ञानेश कुमार अपने पद पर बने रहते हैं तो चुनावों का बहिष्कार किया जाए। अगर विपक्ष चुनावों का बहिष्कार करता है तो चुनाव एक तमाशा बनकर रह जाएंगे जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। यहां ऐसा कोई भी बीच का रास्ता नहीं है जिससे सरकार अपनी साख बचा सके और काम-काज पहले की तरह चलता रहे। राजनीतिक टकराव के लिहाज से यह एक खतरनाक मोड़ है, और राष्ट्रीय राजनीति में यह एक तरह से करो या मरो की स्थिति है। दोनों ही स्थितियों में सरकार अपने ही बुने जाल में फंस गई है जबकि विपक्ष एक ऐसी लड़ाई में उलझ गया है जिससे पीछे हटना उसके लिए मुमकिन नहीं है। सरकार के लिए आसान रास्ता यह था कि वह मुख्य चुनाव आयुक्त से कुछ दूरी बनाए रखती या कम से कम दूरी बनाए रखने का दिखावा ही कर लेती। खासकर जब मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यकाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जिसका बचाव करना लगभग असंभव है। मतदाता सूची से जुड़ी ये समस्याएं ज्ञानेश कुमार के आने से पहले ही शुरू हो गई थीं- विपक्ष के आरोप 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र चुनावों के समय से ही चले आ रहे हैं। बड़े पैमाने पर किए बदलावों ने सबूत पीछे छोड़ दिए हैं जिससे यह चोरी साफ तौर पर नजर आ रही है। जैसे-जैसे विरोध प्रदर्शन तेज हो रहे हैं, भाजपा की प्रतिक्रिया खुद को सही साबित करने की कोशिश और विपक्ष की आवाज को दबाने वाली रही है। जैसे-जैसे यह धारणा मजबूत होती है कि भाजपा और चुनाव आयोग एक साथ हैं, राज्यों में उसकी चुनावी जीत और 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर भी सवाल उठने लगते हैं। इसी वजह से विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक रैली में पिछले चुनावों को अवैध करार देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त पर देशद्रोह का आरोप लगाया। मुख्य सवालों पर कहने के लिए कुछ खास न होने के कारण भाजपा नेताओं ने रैली में जुटी भीड़ पर सवाल उठाए और शिकायत की कि इसके कारण लोगों की दिवाली की खरीदारी में खलल पड़ा। यह एक बेकार बचाव था जिसका उद्देश्य लोगों का ध्यान मुख्य चुनाव आयुक्त के मुद्दे से हटाना था। हकीकत यह है कि 1 नवंबर की वोट बचाओ, देश बचाओ के नारे वाली रैली ने लोगों में एक नई ऊर्जा भर दी है। ज्यादातर लोगों के अनुसार हाल के वर्षों में राजधानी में हुई सबसे बड़ी रैलियों में से यह एक थी। इसमें देश भर से लोग शामिल हुए। यहां तक कि साधुओं का एक समूह भी इसमें मार्च करता दिखा। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बड़े पैमाने पर अलग-अलग तरीकों से मजाक उड़ाया जा रहा है। बहुत ही सोच-समझकर और बेहिसाब संसाधन खर्च कर दस साल में बनायी गयी छवि अब वोट चोरी के मुद्दे पर बहुत तेजी से ढह रही है। मोदी और उनकी पीआर टीम जरूर सोच रही होगी कि ऐसा कैसे हो गया। इसका एक जवाब उनके अपने काम करने के तरीके में छिपा है। बिना सोचे-समझे चीजों को और अपना फायदा देखने वाले कुछ लोगों ने जोर-शोर से प्रचार करने वाले संचार मॉडल को हर स्थिति के लिए एक बेहतरीन तरीका मान लिया था। तब भी यह साफ था और अब तो यह बहुत अच्छी तरह से स्पष्ट हो जाना चाहिए कि जबरदस्ती थोपी गई बातें कभी अच्छा संचार नहीं बन सकतीं। हर जगह छा जाना, बातचीत पर अपना एकाधिकार जमा लेना और बहुत ज्यादा बयानबाजी करना- ये सब कुछ समय के लिए तो शायद सुर्खियां दिला सकते हैं लेकिन इनसे कोई ऐसी चीज नहीं बनती जो लंबे समय तक टिक सके। वैसे इससे मिलने वाला बड़ा सबक खुद भारत के बारे में है और यह वह नहीं है जिसकी लोगों को उम्मीद थी। 2024 की शुरुआत में प्यू रिसर्च सेंटर के एक सर्वे में पाया गया कि सर्वे में शामिल 85 प्रतिशत भारतीय एक मजबूत नेता या सेना के शासन को पसंद करते हैं। अध्ययन किए गए 24 देशों में यह आंकड़ा सबसे ज्यादा था। हर तीन में से दो लोग एक ऐसे मजबूत नेता का समर्थन करते हैं जो संसद या अदालतों के दखल के बिना फैसले ले सके। इस हिसाब से देखा जाए तो एक श्मजबूत नेता की छवि को कोई चुनौती नहीं दी जा सकनी चाहिए थी। मोदी को तो इस समय सबसे ऊंचे मुकाम पर होना चाहिए था लेकिन इसके बजाय उनकी स्थिति कमजोर हो रही है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? कुछ लोगों का तर्क है कि इमरजेंसी के बाद कांग्रेस इसलिए नहीं हारी थी कि अभिव्यक्ति की आजादी और संवैधानिक गारंटी छीन ली गई थी बल्कि इसलिए हारी क्योंकि उस समय जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर जबर्दस्ती नसबंदी जैसे कठोर कदम उठाए गए थे। इस नजरिए से देखें तो भारतीयों के लिए लोकतंत्र का महत्व उतना नहीं है जितना आम तौर पर माना जाता है। फिर भी, श्रोट चोरीश् के खिलाफहुआ आंदोलन एक अलग ही तरह के भारत की कहानी बताता है। अगर प्यू रिसर्च सेंटर के आंकड़ों पर यकीन करें तो हो सकता है कि भारतीय सैद्धांतिक रूप से सख्त शासन को पसंद करते हों लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में मिलने वाले अधिकार बहुत मायने रखते हैं। वोट देने को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने के एक निमंत्रण के रूप में देखा जाता है। पिछले कई दशकों से चुनाव अधिकारी लोगों के दरवाजे तक जाकर नए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ते रहे हैं। इसके विपरित एसआईआर के तहत जितनी आसानी से लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए वैसा पहले कभी नहीं हुआ था। असल में, एसआईआर ने लोगों के मन में डर पैदा कर दिया। निष्पक्ष चुनाव बहुत मायने रखते हैं।

भले ही लोगों को चुनावी प्रक्रिया या चुनाव लड़ने और जीतने वाले नेताओं की गुणवत्ता के बारे में शिकायतें हों, परन्तु जब सत्ता हथियाने और उसे बनाए रखने के लिए खुद सिस्टम के साथ ही छेड़-छाड़ की जाती है तो वे विरोध करने के लिए जरूर खड़े हो जाते हैं। फिर भी देश को कठिन समय के लिए तैयार रहना चाहिए। सोशल मीडिया की पोस्ट हटाने, लोगों को विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने से रोकने, भारी पुलिस बल तैनात करने और आंदोलन के बीच ही विरोध प्रदर्शन स्थल के रूप में जंतर-मंतर की मान्यता खत्म करने जैसे संकेत बता रहे हैं कि शिकंजा कसा जा रहा है। लेकिन इन विरोध प्रदर्शनों को इतनी आसानी से दबाया नहीं जा सकेगा। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि आगे किस तरह के नए तनाव पैदा होंगे और देश को इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी पर विपक्ष का एकजुट होना और नागरिकों का अपने वोट की रक्षा करने का संकल्प इस घोर निराशा के बीच उम्मीद की एक किरण है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***

(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887

पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672

For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

चंद्रावल नदी पर 24.85 करोड़ से बनेगा पुल, 2.80 लाख लोगों को मिलेगी राहत



सुमेरपुर (हमीरपुर)। बांदा-हमीरपुर सीमा पर चंद्रावल नदी में कैथी-गड़रिया मार्ग पर 24 करोड़ 85 लाख 67 हजार रुपये की लागत से दीर्घ सेतु बनाया जाएगा। शनिवार को प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद और सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने हवन-पूजन के साथ पुल का शिलान्यास किया। 151.130 मीटर लंबे पुल के साथ दोनों ओर पहुंच मार्ग भी बनाए जाएंगे। दिसंबर 2028 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। इससे दोनों जिलों के करीब 2.80 लाख लोगों को लाभ मिलेगा। ग्रामीणों को आवागमन के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार के लिए बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

मोबाइल व नकदी चोरी के मामले में दोषी को 6 वर्ष 3 माह का सश्रम कारावास

झांसी। घर से तीन मोबाइल फोन और पांच हजार रुपये चोरी करने के मामले में न्यायालय ने दोषी पंकज रायकवार को 6 वर्ष 3 माह के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।विशेष अधिवक्ता विपिन कुमार मिश्रा के अनुसार सिद्धेश्वर नगर आईटीआई निवासी सतीश राय ने थाना सीपरी बाजार में शिकायत दर्ज कराई थी कि 27/28 जुलाई 2020 की रात घर में रखे तीन मोबाइल फोन और पैंट की जेब में रखे पांच हजार रुपये चोरी हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर नाथ की कोठी, मसीहागंज निवासी पंकज रायकवार को धारा 380 में छह वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड, धारा 411 में दो वर्ष तथा धारा 413 में 6 वर्ष 3 माह का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा।

दीपावली पर खुशियां ही आएं घर, छोटी सी लापरवाही बन सकती है परेशानी का सबब

झांसी। दीपावली खुशियों और रोशनी का पर्व है, लेकिन पटाखों के इस्तेमाल में छोटी सी लापरवाही गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. प्रभात चौरसिया ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि पटाखे और फुलझड़ी जलाते समय बच्चों के साथ अभिभावक या कोई जिम्मेदार व्यक्ति जरूर मौजूद रहे। पटाखों की गुणवत्ता जांचें, संभव हो तो सुरक्षा चश्मा पहनें और ग्रीन पटाखों का ही इस्तेमाल करें। उन्होंने सांस के रोगियों को प्रदूषण से बचने के लिए घर के अंदर रहने की सलाह दी। डॉ. चौरसिया ने बताया कि पटाखे से जलने पर प्रभावित स्थान को 15 से 20 मिनट तक ठंडे बहते पानी से धोएं। आंख में चोट लगने पर उसे न दबाएं और न ही रगड़ें, बल्कि तुरंत नजदीकी चिकित्सालय पहुंचकर उपचार कराएं। उन्होंने कार्बाइड गन का इस्तेमाल न करने की अपील करते हुए कहा कि इससे आंखों की रोशनी जाने का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर सावधानी बरतकर ही त्योहार की खुशियां सुरक्षित रखी जा सकती हैं।

डीएम ने जनपदवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं



झांसी। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने दीपावली के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पर्व को शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दीपावली प्रकाश और खुशियों का पर्व है, जो सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।जिलाधिकारी ने बताया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। शांति व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि आतिशबाजी करते समय बच्चों के साथ रहें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

सिंचाई करते समय किसान की कुएं में गिरने से मौत

महोबा। जिले के चरखारी कोतवाली के ग्राम कीरतपुरा निवासी एक किसान की रात्रि में सिंचाई करते समय कुएं में गिरने से पानी में डूबकर मौत हो गई। रिवई चौकी पुलिस ने मृतक किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम उपरान्त परिवार जनों के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना से दीपावली की खुशियां मातम में बदल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली चरखारी के ग्राम कीरतपुरा निवासी किसान राम सिंह पटेल पुत्र हल्के पटेल उम्र 63 साल रात्रि में खेतों की सिंचाई कर रहा था। तभी कुएं में गिर गया। जिससे पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। सुबह जब परिवार के लोग खेत पहुँचे तो रामसिंह कहीं नजर नहीं आने पर कुएं में झाँक कर देखा तो उसका शव पानी में तैरता मिला। परिजनों ने घटना की सूचना रिवई चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी हमराही पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम उपरान्त परिवार जनों के सुपुर्द कर दिया है। पूर्व ग्राम प्रधान एवं समाज सेवी चतुर सिंह पटेल ने बताया कि दिवंगत किसान के दो बेटे है। दिवंगत किसान के नाम करीब पन्द्रह बीघा कृषि भूमि है। जिसमें खेती करके परिवार का भरण पोषण कर रहा था। दिवंगत किसान अपने पीछे पत्नी श्रीमती विमला एवं दो पुत्रों को रोता बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से दीपों के पर्व दीपावली की खुशियां मातम में बदल गई है।

सरीला में 45 शिकायतें आयीं, पांच का मौके पर निस्तारण

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



तहसील सरीला में शनिवार को जिलाधिकारी अशोक कुमार और पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें पांच का मौके पर निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों का स्थलीय सत्यापन कर समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही फरियादियों को कार्रवाई की जानकारी देने पर जोर दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में मरम्मत और सौंदर्यीकरण के बाद तैयार नवनिर्मित मीटिंग हॉल का उद्घाटन भी किया। उन्होंने अधिकारियों को जनसामान्य को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में 33 शिकायतों में तीन का मौके पर हुआ निस्तारण



मौदहा (हमीरपुर)। तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 33 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में केवल तीन मामलों का मौके पर निस्तारण हो सका। ग्राम भमोरा के किसानों ने अत्यधिक बारिश से बर्बाद हुई खरीफ फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की। वहीं कुन्हेटा के प्रधान रामराज सहित ग्रामीणों ने बताया कि मई-जून में आंधी से क्षतिग्रस्त हुए बिजली के खंभे अब तक ठीक नहीं कराए गए हैं। इससे खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने में परेशानी हो रही है। इसके अलावा नमामि गंगे, वृद्धावस्था पेंशन और चकरोड पर कब्जे से संबंधित शिकायतें भी आईं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

कजली तालाब में कूदे युवक को पुलिस ने सकुशल बचाया

कुरारा (हमीरपुर)। घरेलू विवाद के बाद शनिवार रात कजली तालाब में कूदे युवक को पुलिस ने रेस्क्यू कर सकुशल बचा लिया। कस्बे के वार्ड तीन टेनरी मोहल्ला निवासी अरविंद (35) पुत्र लाखन पेशे से चालक है। रात करीब साढ़े नौ बजे घरेलू विवाद के बाद उसने तालाब में छलांग लगा दी। सूचना पर पीआरवी और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कांस्टेबल जितेंद्र सिंह और लवकुश पटेल ने रस्से की मदद से गहरे पानी में उतरकर युवक को बाहर निकाला। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। थाना प्रभारी प्रिंस दीक्षित टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस के साहसिक प्रयास की लोगों ने सराहना की।

किसान के बेटे नीरज ने नीट में पाई सफलता बीएचएमएस में हुआ चयन

कुरारा (हमीरपुर)। विकासखंड के सरसई गांव निवासी किसान राजाभैया के बेटे नीरज ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन बीएचएमएस पाठ्यक्रम में हुआ है। नीरज को प्रयागराज स्थित राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश मिला है। परिजनों ने बताया कि नीरज बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उनका सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना था। इस सफलता का श्रेय उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अपनी मेहनत को दिया। नीरज की उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेंट मेरी स्कूल में दीपावली पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज़, गुरसराय (झांसी)।



सेंट मेरी स्कूल गुरसराय में दीपावली के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ है और इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मयंक प्रकाश (Sr.Judge) विशिष्ट अतिथि के तौर पर आदरणीय जयपाल चौहान नगर पालिका अध्यक्ष गुरसराय एवं डॉ अरुण मिश्रा नगर पंचायत अध्यक्ष गरौठा उपस्थित रहे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें मुख्य रूप से लघु नाटक के माध्यम से दीपावली के महत्व को समझाया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध नारायण यादव, आदर्श द्विवेदी, नीलेश मिश्रा, महेंद्र भदौरिया, पंडित रामकृष्ण अरजरिया उपस्थित रहे अंत में विद्यालय की उपप्राचार्या सिस्टर जयसिंथा ने सभी अतिथियों का तहेदिल से दीपावली की शुभकामनाओं सहित विदाई की।

अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन का छापा जेसीबी पकड़ी, ट्रैक्टर चालक फरार



सुमेरपुर (हमीरपुर)। कस्बे में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार को कार्रवाई की। एसडीएम सदर के निर्देश पर नायब तहसीलदार रमेश चंद्र नामदेव ने केंद्रीय विद्यालय के आगे खनन स्थल पर छापा मारा। प्रशासनिक टीम को देखकर जेसीबी और ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर भागने लगे। टीम ने पीछा कर जेसीबी को चालक सहित पकड़ लिया, जबकि ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। दोनों वाहनों को फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी में सुपुर्द किया गया। जेसीबी चालक को पुलिस हिरासत में देकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। छापेमारी के दौरान लेखपाल अटल तिवारी, महेंद्र कुमार और पुलिस बल मौजूद रहा।

बिजली चोरी की जांच करने पहुंची टीम पर हमला

- अवर अभियंता समेत 3 कर्मचारी घायल, पिता पुत्र समेत 3 पर केस दर्ज

समृद्धि न्यूज, महोबा।



जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के ननौरा गांव में बिजली चोरी की जांच करने पहुंची बिजली विभाग की टीम पर हमला कर दिया गया। घटना में अवर अभियंता देवकीनंदन आर्य समेत तीन कर्मचारी घायल हो गए।आरोप है कि चेकिंग का विरोध करते हुए आरोपियों ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। डंडे से हमला कर संविदा कर्मचारी मनीष कुमार को भी घायल कर दिया। घटना के बाद घायलों को सीएचसी श्रीनगर में मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। पुलिस ने पिता-पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। श्रीनगर के 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र में तैनात अवर अभियंता देवकीनंदन आर्य 5 नवंबर को टीम के साथ निजी नलकूप कनेक्शनों की जांच करने पहुंचे थे। टीम में टीजी-टू सुनील कुमार और संविदा कर्मचारी विश्वनाथ, मनीष कुमार, खूबचंद्र और अरविंद कुमार शामिल थे। जांच के दौरान टीम को कई स्थानों पर अवैध केबल और कटिया डालकर बिजली इस्तेमाल किए जाने की जानकारी मिली। अवर अभियंता के मुताबिक, जांच के दौरान मोहित पटेल अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और चेकिंग का विरोध करते हुए कर्मचारियों से गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने टीम के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान नृपत पटेल ने पास में पड़े डंडे से संविदा कर्मचारी मनीष कुमार पर हमला कर दिया। घटना में देवकीनंदन आर्य, विश्वनाथ और मनीष कुमार घायल हो गए। मारपीट के दौरान कुछ कर्मचारियों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। आरोपियों ने दोबारा गांव आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना 112 पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने शनिवार सुबह साढ़े 8 बजे बताया कि तहरीर के आधार पर दिप्पू पटेल, उसके बेटे रामलला पटेल और मोहित पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 121(1), 132, 351(3) और 352 के तहत केस दर्ज किया है।

डीएम-एसपी ने गोवर्धन नाथ मेले की तैयारियों का लिया जायजा

- मेला स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, महोबा।



जिले की चरखारी के ऐतिहासिक मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोवर्धन नाथ जू महाराज को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रभाष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने चरखारी स्थित मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मेला परिसर में श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेला स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा श्रद्धालुओं के आवागमन से संबंधित व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करें।पुलिस अधीक्षक ने मेला स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कर ली जाएं तथा मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम आवागमन का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चरखारी अवनीश तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चरखारी अमरजीत सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आसमान में रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरेंगे स्काई शॉट व रुद्रा अनार के आतिशी नजारे

- आज आतिशबाजी की धूम-धड़ाम के बीच मनेगा प्रकाश पर्व
- जीआईसी और जेएन कालेज मैदान में सजीं पटाखे की दुकानें

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



दीवाली में आतिशबाजी न हो तो सब कुछ फीका लगता है। प्रकाश पर्व पर सुरक्षा के लिहाज से इस बार प्रशासन ने शहर के जीआईसी मैदान के साथ ही पं.जेएन डिग्री कालेज ग्राउंड में भी आतिशबाजी की दुकानें खोलने की अनुमति दी है। काफी जद्दोजहद के बाद प्रशासन के आदेश के पालन में दोनों मैदानों में करीब एक सैकड़ा दुकानें सजाई गई हैं। पटाखा बाजार में देश की राजनीति में चल रही विभिन्न घटनाओं और उपलब्धियों के साथ ही कार्टून कैरेक्टरों का भी खासा दम दिख रहा है। बीते सालों में जहां हनुमान गदा राकेट समेत राफेल और ड्रोन ने पटाखा बाजार में अपनी धमक जमाई थी। वहीं इस बार सुरक्षा कारणों से अधिकतर राकेटों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, ऐसे में आतिशी रंगीनी के बीच आसमान में तेज आवाज करने वाले पटाखों की ज्यादा भरमार दिखाई दे रही है। आकाशीय रंगोली स्काई शॉट, रुद्रा व स्पार्कर अनार के साथ शादी मुबारक प्रमुख आकर्षण में शामिल हैं। शनिवार से ही लोगों ने पटाखों की खरीदारी शुरू कर दी है। रविवार की रात दीपावली पर करोड़ों रुपए की आतिशबाजी धूम-धड़ाम के बीच जनपदवासी प्रकाश पर्व मनाएंगे। जिसके लिये बाजार में तरह तरह के देशी और चाइनीज पटाखे उपलब्ध है। पटाखों की कीमत पहले की तुलना में कुछ ज्यादा है। लेकिन दीवाली के मौके पर लोग कीमत का परवाह किये बगैर ही पटाखों की खरीदारी कर रहे है। प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से इस बार जीआईसी मैदान के अलावा पं.जेएन डिग्री कालेज मैदान में भी पटाखा की दुकानें लगवाई हैं। हालांकि पटाखा व्यवसायियों की पहली पसंद जीआईसी मैदान ही बनी रही, लेकिन सिटी मजिस्ट्रेट दिनेश चंद्र ने नए दुकानदारों को पं.जेएन डिग्री कालेज और पुरानों को जीआईसी मैदान में दुकानें लगाने का फरमान सुनाया। सिटी मजिस्ट्रेट के दिशा निर्देश पर दोनों मैदानों में करीब एक सैकड़ा दुकानें सजाई गई हैं। पटाखा दुकानदार राजू त्रिपाठी राज बताते हैं कि बीते कई वर्षों में भारत-चीन के खराब रिश्तों का असर पटाखा बाजार में भी देखने को मिल रहा है। ग्राहक इस बार भी चाइनीज पटाखों से तौबा कर रहे हैं और देशी पटाखे अधिक खरीद रहे हैं। बताया कि अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से आकाशीय रोशनी करने वाले पटाखों पर अधिक भरोसा कर रहे हैं।

पदाधिकारी अधिक से अधिक से लोगों से संपर्क कर रैली में सहभागिता बढ़ाएं: अनिल कुदारी



उरई(जालौन) अपना दल (एस) की जिला स्तरीय मासिक संगठन समीक्षा बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी की अध्यक्षता में हुई।बैठक में संगठन की मासिक समीक्षा, संगठन विस्तार साथ ही आगामी 15 नवंबर को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नगर आगमन पर प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान तेज करें और अधिक से अधिक संख्या में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक व सफल बनाएं। बैठक में राष्ट्रीय सचिव व्यापार मंच दीपमणि सिरोठिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित राठौर, प्रदेश महासचिव युवा मंच ओंकार सिंह ठाकुर, क्षेत्रीय अध्यक्ष झांसी मंडल आनंद पटेल, जिला महासचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष पंचायत मंच हरगोविंद कुशवाहा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण ही अपना दल (एस) की सबसे बड़ी ताकत है।

डीएम-एसपी के समक्ष सम्पूर्ण समाधान दिवस में 26 शिकायतों में 6 का मौके पर हुआ निस्तारण

- डीएम ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ शिकायतकर्ताओं से लिया फीडबैक

समृद्धि न्यूज, उरई(जालौन)।



तहसील माधौगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को डीएम समीर व एसपी सुरेश चंद्र रावत ने संयुक्त रुप से दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने तहसील माधौगढ़ के समस्त क्षेत्रवासियों व उपस्थित पत्रकार बंधुओं को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का अभिलेखों के आधार पर सत्यापन करने के साथ आवश्यकतानुसार स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित समय सीमा में निष्पक्ष व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। डीएम ने एसडीएम व सीओ को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने विशेष रुप से कहा कि निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से संपर्क कर उसका फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाए। वहीं, दीपावली पर्व के दृष्टिगत आतिशबाजी की दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में डीएम ने बताया कि निर्धारित सुरक्षा मानकों व शासन के निर्देशों के अनुरुप क्षेत्रीय मजिस्ट्रेटों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया है। इस दौरान एसडीएम अभिनव यादव, सीओ अम्बुज, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी व विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

खेलते समय बालक की तालाब में डूबकर मौत

बांदा। मूल रूप से बिसंडा थाना क्षेत्र के शिव गांव निवासी माज खां (4) पुत्र शमसाद खां अपनी मां के साथ ननिहाल मटौंध थाना क्षेत्र के गोयरा मुगली गांव आया था। शुक्रवार को दोपहर घर के समीप स्थित तालाब के भीटे में खेल रहा था। अचानक खेलते समय वह लापता हो गया। देर तक उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। तालाब में डूबने की आशंका पर गोताखोरो ने उसकी तलाश की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस भी उसकी खोजबीन कर रही थी। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने उसका शव तालाब के पानी में उतराता देखा। मृतक के नाना कमाल ने बताया की मांज खा 12 दिन पहले अपनी मां उजमा के साथ ननिहाल आया था। बताया की तालाब के भीटे पर खेलते समय पैर फिसलने से उसकी तालाब में डूबकर मौत हो गई।

वोकल फॉर लोकल का दिखा असर, मिट्टी की प्रतिमाएं व दिए ढूंढते रहे लोग

- प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं ने छीन लिया था मिट्टी की मूर्तियों का व्यापार
- एक सैकड़ा कुम्हार परिवारों ने रोजगार के अभाव में पकड़ी महानगरों की राह

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



प्रकाश पर्व दीपावली में दियों के बाद यदि पूजन के लिये कुछ महत्वपूर्ण है तो वह है लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा। एक समय था कि जब बाजार में मिट्टी से तैयार की गई लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं मिला करती थीं, जिससे यहां के कुम्हारों की भी प्रतिमाएं तैयार करने से अच्छी खासी आमदनी हो जाती थी। लेकिन बीते कुछ वर्षों से मिट्टी की मूर्तियों की जगह प्लास्टर ऑफपेरिस से बनने वाली प्रतिमाओं ने ले ली है, जिसकी वजह से मिट्टी की प्रतिमा तैयार करने वाले कुम्हारों के हाथ खाली हो गये हैं। हालांकि इस बार वोकल फॉर लोकल का असर बाजार में दिखाई दिया और लोग मिट्टी के लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा खरीदने को आतुर दिखे।

शहर में तकरीबन एक सैकड़ा ऐसे परिवार मढ़ियानाका, खाईपार, मर्दननाका आदि मोहल्लों में रहते हैं, जो लंबे समय से मिट्टी के दीयों के साथ ही मिट्टी की लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं बनाकर उन्हें आकर्षक रंगों से रंगकर तैयार करते आये हैं, क्योंकि उस समय मार्केट में सिर्फ मिट्टी की प्रतिमाओं की ही मांग थी। इसका एक कारण यह भी है कि वैदिक शास्त्र के अनुसार मिट्टी से बनी प्रतिमा पूजन के लिये शुभ मानी जाती है। तकरीबन दो दशक पहले रबर के मोल्डिंग (सांचे) से तैयार होने वाली प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां बाजार में आईं, तो लोगों ने वैदिक रीति-रिवाज को विस्मृत करते हुए इन्हें तवज्जो देना शुरू कर दिया। वजह सिर्फएक है कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से तैयार होने वाली प्रतिमाओं में नाक-नक्श उभरकर आते हैं और फिनिशिंग बेहतर होने के कारण इनमें रंग और चमक अलग ही दिखाई देती है, जबकि मिट्टी टाइट होने के कारण सांचे में उस तरह से नहीं ढल पाती, जिससे कि नाक-नक्श को बारीकी से उभारा जा सके। प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों की खूबसूरती के आगे मिट्टी की प्रतिमाएं बाजार में नहीं ठहर पाईं और मिट्टी के कारोबार को ग्रहण लग गया, जिससे मिट्टी से प्रतिमाएं गढ़ने वाले कुम्हारों ने भी इस काम को छोड़ दिया और अपने बच्चों का पेट पालने को देश के महानगरों में मजदूरी करने को परिवार समेत पलायन कर लिया।

लोगों की पहली पसंद बनी मिट्टी की ग्वालिन

बुंदेलखंड में लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाओं के साथ मिट्टी से बनी ग्वालिन की भी प्रकाश पर्व पर पूजा शुभ मानी जाती है। गनीमत है कि अभी ग्वालिन की प्रतिमाएं प्लास्टर ऑफपेरिस की बाजार में नहीं आई हैं, इसलिये यहां के बचे हुए कुम्हार दीपावली पर सैकड़ों की तादाद में ग्वालिन तैयार करते हैं, जो हाथों हाथ बिक जाती हैं। ग्वालिन की प्रतिमा में दोनों हाथ व सिर पर तीन दिये रखने को जगह बनाई जाती है। इस बार ग्वालिन का जोड़ा सौ रुपये में बिक रहा है।

मां लक्ष्मी के साथ पूजे जाएंगे खजाने के मालिक कुबेर

प्रकाश पर्व में अब तक सिर्फलक्ष्मी-गणेश की ही प्रतिमाएं पूजा के लिये बाजार में बिकती रही हैं, लेकिन इस बार त्योहारी बाजार के बाजीगरों ने प्लास्टर ऑफ पेरिस से तैयार होने वाली कुबेर की भी प्रतिमाएं बनाकर मार्केट में उतार दी हैं। इनकी सेल के लिये ग्राहकों से कहा जा रहा है कि खजाने के मालिक कुबेर की प्रतिमा के बिना धन की देवी माता लक्ष्मी पूजन स्वीकार नहीं करतीं। इसलिये कुबेर की प्रतिमाओं ने भी अपना अलग बाजार बनाना शुरू कर दिया है।

दीपों के पर्व दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



हरिनरायण गुप्ता
चेयरमैन कलान, शाहजहांपुर



गेंदनलाल गुप्ता
पूर्व ब्लाक प्रमुख कलान



धर्मेन्द्र यादव
जि.पं. सदस्य कलान



भोलेराम सुइट एंड रेस्टोरेंट कलान
प्रो. प्रदीप गुप्ता उर्फ पिंटू दादा



सुखलाल- प्रधान
ग्रा.पं.रूकनपुर, कलान



मोहित गुप्ता प्रत्याशी प्रधान
ग्रा.पं.रूकनपुर, कलान

दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



संतोष सिंह
प्रशासक प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत बढ़ईपुर
विकास खंड खुटार,शाहजहांपुर

दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



सौरभ बाजपेई
बाजपेई इंटरप्राइजेज
गोला रोड तिकुनिया खुटार,
शाहजहांपुर

दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रीति कनोजिया
जितेंद्र वर्मा (प्रधान प्रतिनिधि)
प्रशासक ग्राम पंचायत गुरधिया
विकास खंड खुटार, शाहजहांपुर

दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रवीण कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खंड खुटार









दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
राजीव गुप्ता
संवाददाता
मो. 9451240924
कलान, शाहजहांपुर

दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



धर्मेंद्र कुमार
सदर सब रजिस्ट्रार
शाहजहांपुर

प्रस्तुति : रामलडैते तिवारी
ब्यूरो प्रमुख
मो. 9984927542, 9415572885
विशेक मिश्रा
पत्रकार, शाहजहांपुर
मो. 8795193445
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

आदित्य फिलिंग स्टेशन
डीलर : भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि.
प्योर भी- पूरा भी



प्रो.आदित्य यादव
प्रो.आकाश यादव
निकट दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल
शाहजहांपुर रोड, पुवायां





दीपों के पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



जय शंकर श्रीवास्तव
जिला बेसिक शिक्षा
अधिकारी शाहजहांपुर

दीपों के पर्व दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं





दीपावली व भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



अनूप शर्मा
लेखपाल तहसील सदर
शाहजहांपुर
निवास - पंजाबी कालोनी तिलहर

दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



तारा सिंह
प्रगतिशील किसान
एम एम फार्म गुटैया
पुवायां शाहजहांपुर

धनतेरस,दिवाली और भैयादूज की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आपके पशुधन की स्वास्थ्य रक्षा के लिए तत्पर



डॉ. सहदीप कुमार
पशु चिकित्साधिकारी
राजकीय पशु चिकित्सालय
मिर्ज़ापुर,शाहजहांपुर

दीपावली, भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



डा. एस.के वर्मा
एम.डी (पीडिया)
डा. क्षितिज वर्मा
बी.डी.एस, एम.पी.एच
डा. साक्षी वर्मा
बी.डी.एस, एम.डी.एस
कृष्ण नर्सिंग होम पुवायां

दीपावली व भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

PJM JEWELLERS SINCE 1972



प्रकाश चन्द्र मनोज कुमार सर्राफ
पिहानी वाले
पता-तिराहा बाजार, पुवायां-शाहजहांपुर
मनोज कुमार, M.9415326017
रजत गुप्ता, M.9696424038

दीपावली व भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



डा.रामकुमार अकेला
वरिष्ठ भाजपा नेता
राम जानकी फीलिंग स्टेशन
निगोही रोड चुराहा, पुवायां-शाहजहांपुर

दीपावली व भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



गुरूनानक अस्पताल
खुटार रोड पुवायां, बरगदिया
डायरेक्टर जरनैल सिंह
डा.परमीत सिंह
आधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित आप्रेशन थियेटर की सुविधा

दीपावली, भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



राजेश कुमार वर्मा
सुपुत्र पूर्व मंत्री स्व. राममूर्ति सिंह वर्मा
संभावित प्रत्याशी भाजपा
ददरौल विधानसभा क्षेत्र
शाहजहांपुर

दीपावली, भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



नीरज मिश्रा
सपा नेता एवं सदस्य
जिला पंचायत शाहजहांपुर
सपा संभावित प्रत्याशी
ददरौल विधानसभा शाहजहांपुर

दीपावली व भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रो.धीरज शर्मा 'राजा'
मो. 9918511111
9628911111

दीपावली व भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा प्रमाणित
किसानों की पहली पसंद
नंदा ट्राली
नंदा ब्रदर्स बंडा रोड-पुवायां, शाहजहांपुर



हमारे यहां सभी प्रकार की ट्राली, जैसे छोटी ट्राली, सादा ट्राली, प्रेशर ट्राली, पंजाब माडल ट्राली उपलब्ध हैं



दीपावली व भइया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वच्छता को अपनाना है, नगर स्वच्छ बनाना है
संजय गुप्ता चेयरमैन
कल्पना शर्मा ईओ
नगर पालिका परिषद पुवायां-शाहजहांपुर



दीपों का पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

राना पब्लिक स्कूल
पुवायां, निगोही- शाहजहांपुर मो. 9670012912
कक्षा एन.सी. से 12 तक सीबीएसई से मान्यता प्राप्त
अवतार सिंह
उपनिदेशक



दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



जसवन्त फीलिंग स्टेशन
शाहजहांपुर रोड, पुवायां-शाहजहांपुर
प्योर भी पूरा भी
डीजल व पेट्रोल मिलने की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
जसवन्त सिंह मो. 9415035812



पावन पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



चेतराम एड.
भाजपा विधायक
विधानसभा पुवायां-शाहजहांपुर



दीपों के पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



हरवंश राना पत्रकार
प्रधान, ग्राम पंचायत बालेमऊ,
विकासखंड बण्डा-शाहजहांपुर
राना कृषि सेवा केन्द्र
राना मार्केट, बालेमऊ पुवायां
मो.8853194080


सेल एग्री कमोडिटीज लिमिटेड

(सुखवीर एग्रो एनर्जी लिमिटेड) SAEL SUSTAINABLE AGRO ENERGY FOR LIFE

इनायतपुर, पुवायां-शाहजहांपुर

सभी क्षेत्रवासियों और देशवासियों को दीपों के पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

उच्चकोटि चावल के निर्माता



संक्षिप्त खबरें

सपा जिला प्रमुख प्रवक्ता विजय कुमार द्विवेदी ने किया जनसंपर्क

गुरसहायगंज, कन्नौज। समाजवादी पार्टी के प्रमुख जिला प्रवक्ता विजय कुमार द्विवेदी ने नगर के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की। जनसंपर्क अभियान के दौरान रेलवे रोड सहित नगर के विभिन्न मोहल्लों में कार्यकर्ताओं ने जिला प्रवक्ता का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं में दीपावली के त्योहार के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता विजय कुमार द्विवेदी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में पीडीए के हवाले से कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी से कमर कसने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना ही जीत की कुंजी है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख जिला प्रवक्ता विजय कुमार द्विवेदी ने कहा ₹राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देशन में पीडीए परिवार लगातार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है। दीपावली प्रेम, भाईचारे और खुशियों का पर्व है, मैं सभी कार्यकर्ताओं और नगरवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। सभी कार्यकर्ताओं से मेरा आह्वान है कि विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी से कमर कस लें, बूथ-बूथ जाकर जनता के बीच जाएं, सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करें और समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है।

दीपावली पर मिट्टी के दीयों की जबरदस्त मांग



छिबरामऊ, कन्नौज। इस दीपावली पर नगर में मिट्टी के दीयों की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। शहर के कई स्थानों पर लगी दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की 'लोकल फॉर वोकल' मुहिम का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गया है। नतीजतन लोगों ने मोमबत्ती की जगह मिट्टी के बने दीपकों को प्राथमिकता दी। पीपल चौराहा स्थित श्री विजयनाथ मंदिर के बाहर दुकान लगाए अकबरपुर गांव के दीपक कश्यप ने बताया कि डिजाइनर दीपकों की मांग सबसे ज्यादा रही। सबसे छोटे दीपक 10 रुपये में पांच और सबसे बड़े 20 रुपये में एक के हिसाब से बिके। वहीं गांव के ही शिवम प्रजापति ने कहा कि पिछली बार की तुलना में इस साल बिक्री थोड़ी कम रही। आलू फसल की बर्बादी से किसान आर्थिक रूप से प्रभावित हुए, जिसका असर बाजार पर भी पड़ा। फिर भी मिट्टी के दीयों की ओर लोगों का रुझान साफ दिख रहा है।

स्थापना दिवस पर दिया स्काउट भावना एवं चरित्र निर्माण का संदेश



छिबरामऊ, कन्नौज। पश्चिमी बाईपास स्थित स्काउट भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट स्थापना दिवस पर स्काउट भावना एवं चरित्र निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्काउट आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट बैडेन पॉवेल के चित्र के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला सचिव लज्जाराम वर्मा, वर्तमान जिला सचिव अनुज कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ स्काउट अध्यापक सत्यपाल सिंह एवं डॉ. गौतम सिंह नेउपस्थित लोगों को स्काउट भावना, सेवा, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण के महत्व से अवगत कराया। वक्ताओं ने कहा कि स्काउट विश्वव्यापी संस्था है, जो व्यक्तियों में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, सहयोग एवं सेवा जैसे उच्च मानवीय गुणों का विकास करती है। स्काउट आंदोलन का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि ऐसे नागरिकों का निर्माण करना भी है, जो समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। आइए, हम सभी स्काउट भावना को आत्मसात करते हुए सकारात्मक सोच, मानवीय मूल्यों एवं सेवा भाव से परिपूर्ण एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

नौकरी के नाम पर 1.20 लाख रुपये मांगने की डीएम से की शिकायत



छिबरामऊ, कन्नौज। नौकरी के नाम पर 1.20 लाख रुपये मांगने और रकम न देने पर नौकरी समाप्त कराने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए महिला ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। असालताबाद निवासी निकिता पत्नी योगेंद्र शाक्य ने सीडीपीओ पर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, नौकरी के संबंध में उनसे एक लाख 20 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं। आरोप है कि रकम देने में असमर्थता जताने पर उन्हें नौकरी से हटवाने की धमकी दी जा रही है। निकिता ने बताया कि रुपये मांगने और धमकी देने के संबंध में उनके पास बातचीत की रिकॉर्डिंग भी है, जिसे जरूरत पड़ने पर साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। महिला ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही नौकरी सुरक्षित रखने तथा किसी भी प्रकार के दबाव, उत्पीड़न और प्रताड़ना से बचाने की गुहार भी लगाई है।

कॉलेज में बिखरी दीपोत्सव की अनूठी छटा

गुरसहायगंज, कन्नौज। दीपावली के पावन पर्व पर बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज, क्षेत्र के तेराजाकेट में दीपोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी रंगोलियों, आकर्षक दीप सजावट और धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जगमगा उठा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी एवं हनुमान जी के स्वरूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास के बाद माता सीता एवं लक्ष्मण जी के साथ अयोध्या आगमन का दृश्य प्रस्तुत किया। भगवान श्रीराम के आगमन की खुशी में अयोध्यावासियों द्वारा दीप जलाकर उत्सव मनाने की परंपरा को विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगोली एवं दीप सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

पति समेत चार लोगों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज





छिबरामऊ। पेट्रोल डालकर महिला को जिंदा फूंक देने के मामले में देर रात मुकदमा दर्ज कराया गया है। पति समेत उसके परिवार के चार लोगों के खिलाफ मृतका की मां की तहरीर पर दर्ज कराए गए इस मुकदमे में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त मृतका के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली पुलिस अब शेष अन्य तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

जनपद फिरोजाबाद के शिकोहाबाद थानांतर्गत मोहल्ला जगन्नाथपुरी कमल टाकीज के पीछे रहने वाली मीरा सिंह पत्नी रवींद्र सिंह ने दामाद जगतपुर गांव निवासी सुखवीर सिंह उसके पिता जितेंद्र प्रताप सिंह, भाई शिवमंगल, भाई की पत्नी वंदना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बेटी सोनम की शादी 11 वर्ष पूर्व सुखवीर सिंह के साथ हुई थी। विवाह के कुछ समय के बाद से उनके संबंध किसी विधवा महिला से थे। इस बात पर दोनों पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद होने लगा। जिसके बाद उसकी बेटी दोनों बच्चों को लेकर उनके पास आ गई। बेटी के ससुर एक सप्ताह बाद उसके घर पहुंचे और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी बेटी को कोई भी प्रताड़ित नहीं करेगा। इस भरोसे के साथ वह उसे अपनी जिम्मेदारी पर जगतपुर गांव ले गए। इसके बाद सुखवीर सिंह ने उसकी पुत्री और दोनों बच्चों का भरण पोषण देने से साफ मना कर दिया। इसके बाद मैंने और मेरी बेटी व बच्चों के भरण पोषण की जिम्मेदारी ली। इसके बाद सुखवीर और जितेंद्र प्रताप सिंह ने पैसों के लिए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। परिवार के अन्य सदस्य भी उसे प्रताड़ित करने लगे और उसकी बेटी के साथ मारपीट कर तलाक देने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। पांच नवंबर की सुबह साढ़े 7 बजे उसके पति रवींद्र सिंह को सिकंदरपुर पुलिस ने बेटी की मौत की सूचना दी। उसकी बेटी को ससुरालीजनों ने जलाकर हत्या कर दी है। कोतवाली पुलिस ने देर रात तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी मृतका सोनम के पति सुखवीर सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पत्नी को जलाने में झुलस गया था पति

छिबरामऊ। जगतपुर गांव में अवैध संबंधों को लेकर सोनम को उसके पति सुखवीर सिंह ने बेड में तार से बांधकर और पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था। इस वारदात को अंजाम देते समय महिला के पति सुखवीर सिंह के हाथ भी आग से झुलस गए थे।

17 नवंबर को प्रकाशित होगी आलेख्य मतदाता सूची

- 16 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे और आपत्तियां।
- चार दिन चलेगा विशेष अभियान।
- चार जनवरी को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची।

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। इसके तहत एकीकृत आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन अब 17 नवंबर को होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि एक जनवरी 2027 के आधार पर पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, संशोधन कराने और आपत्ति दर्ज कराने के लिए 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इनका निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके बाद चार जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।

पुनरीक्षण के तहत 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। मतदान स्थलों का संभाजन एवं पुनर्व्यवस्थापन दो नवंबर तक पूरा किया जाना है।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों और आमजन से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने विशेष रूप से नए एवं युवा मतदाताओं और महिलाओं का नाम सूची में शामिल कराने पर जोर दिया, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे।

जहानगंज मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में फर्रुखाबाद चौराहे से जहानगंज होते हुए फर्रुखाबाद के घटियाघाट पुल तक मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की गई है। इस संबंध में लोधी सेना संगठन के कानपुर मंडल अध्यक्ष एवं बार एसोसिएशन के प्रशासनिक सदस्य अवनीश वर्मा एडवोकेट ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा है। उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण रात के समय आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अंधेरे के चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे लोगों को जान-माल का नुकसान उठाना पड़ता है। दुर्घटनाओं में प्रभावित परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचती है। इस मामले में उप जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि संबंधित मार्ग पर जल्द ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कराई जाएगी। अवनीश वर्मा एडवोकेट ने कहा कि यह उनकी कोई व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि जनहित से जुड़ा विषय है।

उजड़े घर में पसरा सन्नाटा, मां की मौत और पिता जेल में, बच्चों के भविष्य पर संकट

- बहन प्रीति ने भाई सुखवीर को बताया निर्दोष
- बाइक में डालने के लिए लाया गया था पेट्रोल
- पुलिस फरार प्रेमी और अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। सोनम हत्याकांड के बाद उजड़े हुए घर में सन्नाटा पसरा है। घर का सामान बिखरा पड़ा है और रसोई का सिलेंडर भी खुले में पड़ा दिखाई दिया। आरोपी सुखवीर की बहन प्रीति और बहनोई अभय निवासी मान नगला घर देखने पहुंचे। बहन ने अपने भाई को निर्दोष बताते हुए कहा कि पेट्रोल बाइक में डालने के लिए लाया गया था। सोनम ने खुद अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाई थी।

प्रीति ने बताया कि सोनम करीब चार साल से गांव में ब्यूटी पार्लर चला रही थी। घर के बाहर कुछ दूरी पर रखी टीनशेड में आज भी ब्यूटी पार्लर का बोर्ड लगा है। उसने बताया कि परिवार के अन्य सदस्य हिसार में रहते हैं। सोनम वहां एक फैक्ट्री में काम करने वाले युवक के साथ पकड़ी गई थी, जिसके बाद सुखबीर उसे गांव छोड़ गया था। बहन के मुताबिक करीब एक सप्ताह पहले सोनम को जगतपुर निवासी राहुल के साथ भी पकड़ा गया था। इसके बाद से घर में विवाद चल रहा था। उधर, मामले में करीब छह माह से प्रेम प्रसंग चलने की बात सामने आई है। प्रेमी राहुल फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अन्य आरोपी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है, कि वारदात में इस्तेमाल पेट्रोल कहां से लाया गया था। सोनम की जलकर मौत और पिता के जेल जाने से बच्चों वेदिका और वेदांत की परवरिश पर संकट खड़ा हो गया है। दोनों सिकंदरपुर के करमुल्लापुर चौराहे स्थित सपोर्ट पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं।

तालग्राम में होगा हजरत बाबा कलान शहीद का 43वां सालाना उर्स, हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बनेगा आयोजन

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। विधानसभा 196 छिबरामऊ के तालग्राम में हजरत बाबा कलान शहीद (रहमतुल्लाह अलैह) का 43वां सालाना उर्स इस बार भी बड़ी धूमधाम और हिंदू-मुस्लिम एकता के साथ मनाया जाएगा। उर्स की तैयारियों को लेकर हिंदू मुस्लिम एकता इंतजामिया उर्स कमेटी पूरी तरह से जुट गई है।

उर्स कमेटी के सदर राजू खान ने पूरी कमेटी के साथ पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के आवास पर पहुंचकर उन्हें 43वें सालाना उर्स का आमंत्रण पत्र सौंपा। पूर्व विधायक ने आमंत्रण पत्र को सहर्ष स्वीकार करते हुए पूरी कमेटी को इस नेक कार्य के लिए मुबारकबाद दी और उर्स के सफल आयोजन के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि बाबा कलान शहीद का उर्स सिर्फ एक मजहबी आयोजन नहीं, बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे का प्रतीक है। इस उर्स में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और बाबा के दरबार में हाजरी लगाकर अमन-चैन की दुआ मांगते हैं।

विशेष ध्यान : पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी कमेटी ने बताया कि पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी जी का उर्स कमेटी को हमेशा से विशेष आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिलता रहा है। उनके सहयोग से ही हर वर्ष उर्स का आयोजन भव्य रूप से संपन्न होता है। इस बार भी उन्होंने कमेटी को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया है।

सदर राजू खान ने बताया कि उर्स में चादरपोशी, कव्वाली, लंगर, फातिहा ख्वानी सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दूर-दराज से जायरीन बाबा के दरबार में हाजरी लगाने आएंगे। उर्स को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कमेटी ने सभी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

कमेटी ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि सभी लोग उर्स में शामिल होकर बाबा के दरबार में हाजरी लगाएं और हिंदू-मुस्लिम एकता के इस पर्व को सफल बनाएं।

रंगोली व दीपक सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। दीपावली से पूर्व वीणा वादिनी शिशु सान मंदिर एवं जूनियर हाई स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता, स्वनिर्मित दीपक सज्जा एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगोली सज्जा में नित्या त्रिपाठी ने प्रथम जबकि अंजली ने द्वितीय स्थान हासिल किया। स्वनिर्मित दीपक सज्जा प्रतियोगिता में अल्का ने प्रथम, कृष्णा ने द्वितीय व आरोही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में अंजली ने प्रथम और साक्षी शुक्ला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रामरूप आचार्य ने कहा कि दीपावली पर घर-घर दीप जलाने चाहिए, जिससे अंधकार दूर होकर प्रकाश का संचार हो। उन्होंने कहा कि दीपों की रोशनी हमें सकारात्मकता और खुशियों का संदेश देती है। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज की शुभकामनाएं दीं।

बोलेरो की टक्कर से ऑटो अनियंत्रित, सड़क पर गिरकर युवक गंभीर घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। पश्चिमी बाईपास पर बोलेरो की टक्कर से ऑटो सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सिकंदरपुर क्षेत्र के ग्राम हियात नगर निवासी 40 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र दयाराम फरीदाबाद में सिलाई का काम करते हैं। शनिवार को वह फरीदाबाद से अपने घर लौट रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे वह पश्चिमी बाईपास पर रोडवेज बस से उतरे। इसके बाद दीपावली के त्योहार की खरीदारी कर ऑटो से घर जा रहे थे। तभी किड्जी स्कूल के पास पीछे से आ रही बोलेरो ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो अनियंत्रित हो गया और मनोज सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

आज पटाखों की आवाज से गूंजेगा नगर व ग्रामीण क्षेत्र

- आतिशबाजी पर भी छाई महंगाई

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ कन्नौज। आतिशबाजी के बाजार में भी महंगाई का बम फट रहा है। दीपावली पर बिक्री के लिए सजाई गई आतिशबाजी की दुकानों में पटाखों के दाम तेज होने के कारण इस बार खरीदारी पर असर पड़ा है।

दीपावली पर आसमान में आतिशबाजी की रंगीन छटा बिखेरने के लिए शनिवार को आतिशबाजी की दुकानें सज गई। नगर में सौरिख रोड पर ककरारी तालाब के समीप लगी पटाखों की दुकानों पर खरीदारी ठंडी पड़ी रही।

हालांकि इस बार बाजार में दुकानदारों द्वारा लोगों को आकर्षित करने के लिए देसी ऊन बम, रॉकेट, फुलझड़ी और लड़ियों को मंगाया गया है। लोगों को 220 राउंड के कलर आसमानी पटाखे और पैराशूट खास लुभा रहे हैं लेकिन इनकी कीमत सुनकर लोगों के होश उड़ रहे हैं। बाजार में इस बार लड़ियों वाली चटाई और रंगीन फुलझड़ियों के साथ चकरी बच्चों को खासा लुभा रही है।

आतिशबाजी की दुकानों में अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस व फायर बिग्रेड की टीमें तैनात की गई हैं। पहले की अपेक्षा इस बार आतिशबाजी दुकानदारों के लाइसेंस अधिक बने हैं। दुकानदारों के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए पानी की व्यवस्था की गई है। कई दुकानदारों ने फायर इंस्ट्रूमेंट भी दुकान में रखे हैं। नगर पालिका ने भी अपना पानी का टैंकर आतिशबाजी बाजार में खड़ा किया हुआ है।

पेंशन के लिए मंत्री के कार्यालय पर शिक्षकों का धरना

कन्नौज। पेंशन की मांग को लेकर समाज कल्याण विभाग से सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्राथमिक शिक्षकों ने शनिवार को मोर्चा खोल दिया। शिक्षकों ने दोपहर 12 से दो बजे तक कलेक्ट्रेट रोड स्थित समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के कार्यालय के बाहर धरना दिया। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा से शिक्षकों की बहस भी हुई।

धरने पर बैठे शिक्षक नेता श्यामलाल यादव ने कहा कि सहायता प्राप्त विद्यालयों में वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षक पेंशन के हकदार हैं। करीब एक साल पहले पेंशन के संबंध में संस्तुति भी हो चुकी है, लेकिन अब तक शासनादेश जारी नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पेंशन कोई खैरात नहीं, बल्कि शिक्षकों का अधिकार है। संस्तुति के बाद भी आदेश जारी न होना अन्याय है।

रंगोलियों के रंगों से बच्चों ने दिया स्वच्छता और खुशहाली का संदेश

- पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में दीपावली पर सजी आकर्षक रंगोलियां, शिक्षकों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

समृद्धि न्यूज



जलालाबाद, समृद्धि न्यूज। दीपावली के पावन पर्व पर क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में बच्चों ने रंग-बिरंगी और आकर्षक रंगोलियां सजाकर स्वच्छता, खुशहाली और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न रंगों से मनमोहक आकृतियां उकेरीं। रंगोलियों से विद्यालय परिसर दीपावली के उल्लास और उमंग से सराबोर हो उठा। इस दौरान बच्चों ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति अपनी रुचि और उत्साह का प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापिका रेनू कमल सहित शिक्षकों ने विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही बच्चों को दीपावली के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों को आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पटाखों से होने वाले प्रदूषण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही स्वच्छता अपनाने और आसपास का वातावरण साफ रखने की सीख दी गई। इस अवसर पर जसवीर, सुमन, लोकेन्द्र, सौरभ, पूजा, अंजली, शर्मिला और श्वेता सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

तिलखोर नदी की पैमाइश व सफाई कराने की मांग

- संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मोहल्ला दीक्षितान निवासी प्रमोद कुमार ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर लक्षीराम नगला की पुलिया से काशीराम कॉलोनी तक तिलखोर नदी की निष्पक्ष पैमाइश और सफाई कराने की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि लक्षीराम नगला से गाटा संख्या 1642 तक नदी की चौड़ाई 50 से 60 फुट है, जबकि इसके आगे बटेश्वर दयाल इंटर कॉलेज तक नदी मात्र 7-8 फुट रह गई है। आरोप है कि अतिक्रमण के चलते नदी का स्वरूप नाले जैसा हो गया है। नदी ग्राम गिरधरपुर से चलकर कुँअरपुर जनूँ के सामने काली नदी में मिलती है।

प्रमोद कुमार के अनुसार, उन्होंने 17 अक्टूबर को भी इस संबंध में शिकायत की थी। जांच के दौरान अधिकारियों की रिपोर्ट में अलग-अलग तथ्य सामने आए हैं। उन्होंने लेखपाल की जांच पर सवाल उठाते हुए उच्च अधिकारियों से स्वतंत्र जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि नमामि गंगे की टीम जनवरी 2026 में नदी का स्थलीय निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज चुकी है। शिकायतकर्ता ने मांग की कि निष्पक्ष जांच में उन्हें भी शामिल किया जाए तथा नदी की वास्तविक चौड़ाई बहाल कराकर अतिक्रमण हटवाया जाए और सफाई कराई जाए।

सभी को दिवाली एवं भाईदूज की
हार्दिक शुभकामनायें



शिवराम सिंह आर्य
वरिष्ठ समाजसेवी
व चिकित्सक
नवाबगंज, फर्रू0



यशवीर आर्य
जिला पंचायत सदस्य
नवाबगंज,
फर्रूखाबाद

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें



पीयूष गंगवार
(प्रशासक/प्रधान सैथरा)
हर्षित गंगवार
प्रधान पुत्र
गंगवार इंटर प्राइजेज एचपी
गैस एसेजी, कायमगंज

दीपावली एवं भाईदूज की हार्दिक
शुभकामनायें

राजवीर सिंह
इंचार्ज प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय, खलवारा, नवाबगंज



दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें



साजिद अली खान
नि0 जिलाध्यक्ष
सपा अल्पसंख्यक सभा
नवाबगंज, फर्रूखाबाद

दीपावली एवं भाईदूज की हार्दिक
शुभकामनायें

शिवांकात शर्मा
इंचार्ज प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय, डबुआ नवाबगंज



दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें

दिवाली

दानवीर सिंह
जिलाध्यक्ष
उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज
सफाई कर्मचारी संघ



दीपावली एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें



प्रमोद मिश्रा
जिलाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन स्वराज, फर्रूखाबाद

दीपावली एवं भाई दूज की हार्दिक शुभकामनायें



प्रशांत कटियार
सहायक अध्यापक

नवाबगंज केन्द्र
नवाबगंज, फर्रूखाबाद



अमर सिंह राणा
खंड शिक्षाधिकारी

दीपावली एवं भाई दूज की हार्दिक शुभकामनायें



संजीव रंजन
प्रधानाध्यापक



प्राथमिक विद्यालय
नवाबगंज, फर्रूखाबाद



अमर सिंह राणा
खंड शिक्षाधिकारी

दीपावली एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें



डा0 धर्मेन्द्र यादव
जिलाध्यक्ष
अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन
फर्रूखाबाद
रामा मेडिकल क्लीनिक मंझना रोड, नवाबगंज

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें

गोपाल टी.वी.एस. सेल्स एण्ड सर्विस
शीतल मंझना रोड, नवाबगंज, फर्रूखाबाद



नीलेश कुमार गंगवार
संरक्षक
श्री रामऔतार सिंह
प्रधान जी (नगरिया वाले)
मो0:-7897935184

दिवाली
एवं भाईदूज की सभी को हार्दिक शुभकामनायें

विजय फर्नीचर हाउस एण्ड इलेक्ट्रॉनिक









अन्य प्रतिष्ठानः-

जय विजय ट्रेडर्स, जय श्री बालाजी कन्सट्रक्शन,





संरक्षक-योगेन्द्र सिंह राठौर
जिला सह संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, भाजपा
जिला उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र

पता-मैन चौराहा नवाबगंज फर्रूखाबाद रोड



प्रो. अमित प्रताप सिंह

प्रो. जय प्रताप सिंह

डीएम-एसपी ने लाल गेट से चौक तक किया पैदल निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

दीपावली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने लाल गेट से चौक तक पैदल भ्रमण कर बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं दुकानों तथा प्रमुख चौराहों पर की गई सजावट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं पुलिस बल द्वारा शहर में मार्च पास्ट भी निकाला गया। इसका उद्देश्य आमजन एवं व्यापारियों में सुरक्षा का भाव मजबूत करना तथा त्योहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रति पुलिस की सक्रियता का संदेश देना रहा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बाजारों में पहुंचकर व्यापारियों एवं आमजन से संवाद किया तथा त्योहार के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की। डीएम ने बाजार क्षेत्र में स्थित मिष्ठान प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, पैकेट एवं डिब्बों पर अंकित वैधता तिथि तथा अन्य आवश्यक विवरणों की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहार के दौरान

दीपावली पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं बाजारों की सजावट का लिया जायजा

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता पर विशेष निगरानी रखी जाए। आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। डीएम ने ज्वेलरी की दुकानों पर सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं



मिठाई की दुकान का निरीक्षण करती डीएम व एसपी

का भी जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों से प्रतिष्ठानों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने, सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर क्षेत्र में साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीपावली एवं आगामी छठ पूजा के दृष्टिगत शहर के प्रमुख बाजारों, मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। कहीं भी कूड़े के ढेर एवं जलभराव की स्थिति न रहने पाए। नियमित रूप से कूड़ा उठान एवं सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा प्रमुख मार्गों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख चौराहों एवं बाजारों में की गई सजावट एवं प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए, जिससे त्योहार के दौरान शहर का वातावरण स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक दिखाई दे। विद्युत एवं नगर निकाय से संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर प्रकाश व्यवस्था को सुचारु बनाए रखें तथा कहीं भी अव्यवस्था उत्पन्न न होने दें। जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली एवं छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण पर्वों पर आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। बाजारों में भीड़ को देखते हुए यातायात प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था की जाए। प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर अनावश्यक जाम की स्थिति न बनने पाए तथा आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा लगातार गश्त एवं निगरानी रखी जाए। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रभावी पुलिस व्यवस्था बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन त्योहारों के दौरान पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहेए जिससे आमजन निर्भीक होकर पर्व मना सकें। डीएम एवं एसपी ने संयुक्त रूप से अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए त्योहारों के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनपदवासियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि सभी लोग हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मना सकें। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संबंधित अधिकारी तथा पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

धारा-24 के प्रकरणों में मौके पर कार्यवाही के दौरान वीडियोग्राफी कराने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील अमृतपुर के सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण



समस्यायें सुनती डीएम

केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक शिकायत का स्थलीय सत्यापन करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने योग्य प्रभावी कार्यवाही की जाए। जिन मामलों में मौके पर जांच अथवा निरीक्षण की आवश्यकता है, उनमें संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का परीक्षण करें तथा नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने विशेष रूप से राजस्व विभाग से संबंधित धारा-24 के प्रकरणों के संबंध में निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में तहसील स्तर के क्षेत्रीय अधिकारी कार्यवाही के दौरान मौके पर अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराएं। इससे कार्यवाही में पारदर्शिता बनी रहेगी तथा भूमि की पैमाइश एवं सीमांकन से संबंधित मामलों का निष्पक्ष एवं स्पष्ट अभिलेखीकरण सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा शासन की मंशा के अनुरूप निष्पक्षता के साथ कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए निर्धारित समयसीमा में निस्तारित करें। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही से अवगत भी कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान शासन और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, जिससे आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय, उप जिलाधिकारी अमृतपुर स्वेता साहू, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर राजेश कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

एएसपी ने रेलवे स्टेशन पर चलाया चेकिंग अभियान

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

दीपावली एवं धनतेरस के पावन पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। इसी कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर ने फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस बल, आरपीएफ , जीआरपी और डॉग स्क्वायड की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन पर व्यापक चेकिंग की। टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों, प्रतीक्षालयों और यात्रियों की आवाजाही वाले प्रमुख स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों और लावारिस वस्तुओं की बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने पूरे स्टेशन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और यात्रियों को यात्रा के दौरान सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया।



स्टेशन पर डॉग स्क्वायड के साथ मौजूद एएसपी

अपर पुलिस अधीक्षक ने धनतेरस से दीपावली तक शहर की सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। शहर के मुख्य बाजारों, सर्राफा प्रतिष्ठानों, एटीएम और अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की नियमित पैदल गश्त बढ़ाई जाएगी। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए पैनी नजर रखी जाएगी। त्यौहारों के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे त्यौहारों को हर्षोल्लास और शांति के साथ मनाएं तथा सुरक्षा में सहयोग करें।

प्रा.वि. मदारपुर में धूमधाम से मनाई गई दीपावली



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व प्रधानाध्यापक

बच्चों ने दीपक सजाओ प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में दीपक सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए सुंदर-सुंदर दीपकों को सजाया। आयोजन के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुरभि, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली काव्या, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभा तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले हर्षित को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी विद्यालय परिवार की ओर से रसोइयों को दीपावली के उपलक्ष्य में उपहार व सामग्री भेंट की गई। सभी बच्चोंए शिक्षकों व कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी को सुरक्षित और खुशहाल दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय में दीपावली के अवकाश की घोषणा की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे।

देवी दयाल उमाशंकर जू.हा. स्कूल में मनाई गई दीपावली




प्रतियोगिता में मौजूद बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। देवी दयाल उमाशंकर जूनियर हाई स्कूल गंगानगर में दीपावली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। रंगोली कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए सुंदर-सुंदर आकृतियां बनाईं। इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रबंधक दिलीप अग्निहोत्री एवं प्रधानाचार्य अजय शुक्ला ने संयुक्त रूप से कहा कि दीपावली का यह पर्व हमारे जीवन में ज्ञान और सकारात्मकता का प्रकाश फैलाता है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगोली कार्यक्रम हमारी समृद्ध संस्कृति और संस्कारों का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कलात्मक प्रस्तुतियां उनकी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का कार्य करती हैं। रंगोली के माध्यम से बच्चों ने दीपावली के पर्व को बेहद खास बना दिया है। कार्यक्रम में अर्जुन, राघव, सौम्या, अवनी, हिमांशु, आराध्या ने अपनी कला का प्रस्तुतीकरण किया। शिक्षक नीलम, रजनी, संतोषी, कनक, अपर्णा, सृष्टि, उन्नति, गुनगुन, रेखा, प्रदीप, अर्पित आदि ने सहयोग किया।

दीपावली पर्व आज, पैराशूट शॉट्स की बढ़ी मांग

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले में पटाखों की बिक्री के लिए आठ स्थान चिह्नित किए हैं। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से केवल इन्हीं स्थानों पर अस्थायी दुकानें लगाने के लिए लाइसेंस जारी किए जाएंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक चिह्नित स्थल पर अधिकतम 50 दुकानों की ही अनुमति होगी और निर्धारित स्थानों के अलावा कहीं भी आतिशबाजी बेचना सख्त मना होगा। नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार के अनुसार दीपावली पर सुरक्षा मानकों का पालन कराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी एक स्थान पर 50 से अधिक दुकानें लगाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इन स्थानों पर लगेंगी पटाखों की दुकानें फर्रुखाबाद शहर क्रिश्चियन इंटर कॉलेज मैदान, फतेहगढ़ में राजकीय पॉलीटेक्निक मैदान एवं दुर्गा नारायण महाविद्यालय मैदान, मोहम्मदाबाद में अशोक कोल्ड स्टोरेज के पीछे रामलीला मैदान, कमालगंज में रामलीला मैदान, राजेपुर क्षेत्र में राजेपुर राठौरी परगना तहसील अमृतपुर, गाटा संख्या 595, कायमगंज में टीएके गार्डन अनवर खां कोल्ड स्टोरेज के पीछे बाईपास के पास, शमसाबाद में रामलीला मैदान के पास आतिशबाजी की दुकानें लगेगी। त्योहार को लेकर आतिशबाजी बाजार में चहल-पहल शुरू हो गई है। फतेहगढ़ स्थित मैदान में 22 दुकानें सज चुकी हैं। इस बार बाजार में पैराशूट वाले आसमानी शॉट्स की मांग सबसे ज्यादा देखी जा रही है और खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी है।



क्रिश्चियन फील्ड में लगी आतिशबाजी की दुकानें

एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में दीपावली उत्सव का हुआ आयोजन



रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ दीपावली उत्सव मनाया गया। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें रंगोली निर्माण, दीया एवं कलश सजावट तथा तोरण निर्माण प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। रंगोली निर्माण प्रतियोगिता में शिखा, उजाला, अनुष्का एवं आरुषि ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दीया एवं कलश सजावट प्रतियोगिता में आयुष, मयंक, सुजल, सक्षम, काजल एवं अर्चिषा ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं, तोरण निर्माण प्रतियोगिता में वैष्णवी, मानसी एवं श्रुति ने अपनी रचनात्मकता और हुनर का परिचय दिया। विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक कलाकृतियों एवं सुंदर सजावट के माध्यम से दीपावली के पारंपरिक महत्व और सांस्कृतिक सुंदरता को प्रदर्शित किया। पूरे संस्थान का वातावरण उत्सवमय रहा। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता, कलात्मक कौशल एवं सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। निदेशक सुरेंद्र कुमार पांडेय, सुपर्णा मिश्रा, फाल्गुनी, राधिका सोमवंशी एवं शैलेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

खाना बनाते समय एलपीजी सिलेंडर में लगी भीषण आग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शहर के कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र अंतर्गत भोलेपुर मोहल्ले में शनिवार को खाना बनाते समय अचानक एलपीजी गैस सिलेंडर में भीषण आग लग गई। सिलेंडर से आग की लपटें उठती देख परिजनों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में लोग जान बचाकर घर से बाहर भागे। आग की इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धुआं और चीख-पुकार सुनकर आसपास के मोहल्लेवासी तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय निवासियों ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए पानी, बालू और सूती कपड़ों की मदद से काफी मशक्कत के बाद सिलेंडर में लगी आग पर काबू पाया। मोहल्ले वासियों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया और सिलेंडर फटने से बच गया। हालांकि जब तक आग पर पूरी तरह से काबू पाया जाता, तब तक आग की चपेट में आने से कमरे में रखा रसोई का सामान, कपड़े, फर्नीचर और अन्य जरूरी घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। पीड़ित परिवार का इस घटना में काफी नुकसान हुआ है।

प्रशासन की मौखिक सहमति के बाद सजा आतिशबाजी का बाजार

दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों के लिए प्रशासन द्वारा जारी की गई आधिकारिक

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों के लिए निर्धारित स्थलों की सूची में कंपिल का नाम शामिल नहीं होने के बाद शुरू हुई जद्दोजहद आखिरकार रंग लाई। प्रशासन की ओर से शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप उचित व्यवस्था कर दुकानें लगवाने की मौखिक सहमति दिए जाने के बाद कंपिल-कायमगंज मार्ग स्थित एक निजी स्वामित्व वाले खेत में आतिशबाजी का बाजार सज गया। हालांकि, बाजार लगाने की प्रक्रिया के दौरान अवैध वसूली की शिकायतें भी सामने आई।

प्रशासन से बातचीत के बाद बाजार लगने पर नगर पंचायत प्रतिनिधि उदयपाल सिंह यादव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों से बातचीत



व्यापारियों से बात करते उदय पाल सिंह यादव

कर स्पष्ट किया कि दुकानें लगवाने के नाम पर किसी को कोई धनराशि देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अवैध वसूली नहीं होने देने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि यदि किसी दुकानदार से पहले पैसे लिए गए हैं तो इसकी जानकारी दें, ताकि संबंधित व्यक्ति से रकम वापस कराई जा सके। गौरतलब है कि दीपावली से पहले जिला प्रशासन ने आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों के लिए जिले में आठ स्थल निर्धारित किए थे।

इस सूची में कंपिल को जगह नहीं मिलने से स्थानीय कारोबारियों में नाराजगी थी। व्यापारियों ने लंबे समय से बाजार लगने के बावजूद कंपिल को सूची से बाहर रखने पर आपत्ति जताई थी। इससे कारोबारियों की पूंजी फंसने के साथ आसपास की करीब 50 ग्राम पंचायतों के लोगों को खरीदारी के लिए कायमगंज या फर्रुखाबाद जाने की परेशानी खड़ी हो गई थी। व्यापारियों ने प्रशासन से वैकल्पिक स्थल पर बाजार लगाने की अनुमति मांगी थी। काफी प्रयासों के बाद निजी खेत में दुकानें लगने से कारोबारियों को राहत मिली है। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया है उपजिलाधिकारी के मौखिक आदेश पर दुकाने लगी है।



रोते बिलखते परिजन

सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सेंट्रल जेल में वर्ष 2009 से उम्रकैद की सजा काट रहे 65 वर्षीय कैदी लालमन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर जेल प्रशासन उन्हें आनन-फानन में डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुँचा, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक लालमन मूल रूप से पड़ोसी जिले कन्नौज के नरायनपुर गाँव के रहने वाले थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को ही लालमन की अपने परिजनों से फोन पर लगभग तीन मिनट बात हुई थी। इस बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी सबसे छोटी नातिन से बात करने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन उस समय वह घर पर मौजूद नहीं थी। शनिवार सुबह जैसे ही परिजनों को लालमन की मौत की सूचना मिली, परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटे और तीन बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस व जेल प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दीपावली पर छुट्टियों के बीच भी मुस्तैद रहेगा स्वास्थ्य विभाग

सीएमओ ने अस्पतालों से लेकर सीएचसी तक लगाई चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

दीपावली पर्व के दौरान 8 से 10 नवंबर तक अवकाश के बावजूद जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, डॉ0 राममनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय और सिविल अस्पताल लिंजीगंज में चिकित्सकोंए फार्मासिस्टए स्टाफ नर्स एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। संबंधित चिकित्सा इकाइयों की ओर से इसके लिए अलग-अलग ड्यूटी रोस्टर जारी किए गए हैं। विभाग का प्रयास है कि त्योहार के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति में मरीजों को उपचार के लिए परेशान न होना पड़े। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमसाबाद में 8 से 10 नवंबर तक सुबह, दोपहर और रात्रि की पालियों में चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। रोस्टर के अनुसार डॉ0 नितिन कुमार राजपूत, डॉ0 अरविंद कुमार और डॉ0 अनीश भारती को अलग-अलग पालियों में जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके साथ सहयोगी स्वास्थ्यकर्मियों की भी ड्यूटी निर्धारित की गई है।

कमालगंज, नवाबगंज में चिकित्सकों के साथ फार्मासिस्ट भी रहेंगे तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज में 8 नवंबर को डॉ0 जुबैर, 9 नवंबर को डॉ0 अनुपम वर्मा और 10 नवंबर को डॉ0 विनेश माथुर की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इनके साथ संबंधित तिथियों में फार्मासिस्ट एवं वार्ड ब्वॉय की भी तैनाती की गई है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भी दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों का विशेष ड्यूटी रोस्टर तैयार किया गया है। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज और मोहम्मदाबाद में भी चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों की आकस्मिक चिकित्सा ड्यूटी निर्धारित की गई है। संबंधित स्वास्थ्य इकाइयों में जारी रोस्टर के अनुसार चिकित्सक और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। सिविल अस्पताल लिंजीगंज में 8 से 10 नवंबर तक इमरजेंसी सेवाओं के संचालन के लिए सुबह, दोपहर और रात्रि की अलग-अलग पालियों में चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ फार्मासिस्ट एवं सहयोगी कर्मचारियों की भी तैनाती की गई है। अस्पताल के लेबर रूम में प्रसव संबंधी सेवाएं जारी रखने के लिए स्टाफ नर्स और सपोर्टिंग स्टाफ का अलग ड्यूटी रोस्टर बनाया गया है, ताकि अवकाश के दौरान प्रसव संबंधी आवश्यक सेवाएं प्रभावित न हों। लोहिया पुरुष चिकित्सालय में तीनों दिन अलग-अलग पालियों में चिकित्सकों की इमरजेंसी ड्यूटी डॉ0 राममनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय में भी दीपावली अवकाश के दौरान इमरजेंसी सेवाओं के संचालन के लिए चिकित्सकों का विशेष ड्यूटी रोस्टर निर्धारित किया गया है। 8 नवंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ0 ऋषि अग्निहोत्री, दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक डॉ0 वैभव यादव तथा रात 8 बजे से अगले दिन सुबह 8 बजे तक डॉ0 प्रदीप राजपूत इमरजेंसी ड्यूटी पर रहेंगे। 9 नवंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ0 वैभव यादव, दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक डॉ0 दीपक तिवारी और रात 8 बजे से अगले दिन सुबह 8 बजे तक डॉ0 ऋषि अग्निहोत्री की ड्यूटी निर्धारित की गई है। वहीं 10 नवंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ0 प्रदीप राजपूत, दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक डॉ0 ऋषि अग्निहोत्री तथा रात 8 बजे से अगले दिन सुबह 8 बजे तक डॉ0 वैभव यादव इमरजेंसी सेवाओं की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से संबंधित चिकित्सा इकाइयों को निर्धारित ड्यूटी रोस्टर का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को अपनी निर्धारित ड्यूटी के अनुसार उपस्थित रहने और मरीजों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। त्योहार के दौरान इमरजेंसी, प्रसव एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए विभागीय स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं।

बल्दीराय समाधान दिवसः 70 शिकायतों में छह निस्तारित

भूमि विवादों में राजस्व पुलिस टीम को स्थलीय जांच के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, बल्दीराय सुल्तानपुर।

तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल और मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की मौजूदगी में कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें छह का मौके पर निस्तारण किया गया।



सर्वाधिक शिकायतें राजस्व, मुआवजा और विद्युत विभाग से संबंधित रहीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भूमि विवादों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को स्थलीय जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई करने को कहा। विद्युत पोल और तारों से संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगाने तथा पात्रों को मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए।उन्होंने अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने के साथ जनगणना-2027 एवं निर्वाचन कार्यों को जिम्मेदारी से पूरा करने का निर्देश दिया। दीपावली के अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों से मुलाकात कर शुभकामनाएं भी दीं।

पटाखा दुकानदारों के लिए प्रशासन का बना क्लस्टर ध्वस्त, पूर्वत लगेंगी दुकानें

राजा भैया के प्रयास से दुकानदारों को मिली राहत

कुंडा-प्रतापगढ़। जिला प्रशासन ने दीपावली के पर्व पर पटाखा दुकानदारों के लिए कुंडा तहसील क्षेत्र में बिक्री के लिए बनाए गए क्लस्टर के अनुसार बाबूगंज, लोसनापुर व देशराज का इंदारा में उपजिलाधिकारी अजय कुमार यादव ने स्थान निर्धारित करते हुए एक थाना क्षेत्र से 50 दुकान के अस्थाई लाइसेंस दिए गए हैं। शासन-प्रशासन के इस निर्णय से दुकानदारों में निराशा व आक्रोश व्याप्त हो गया। सिर्फ तीन जगह बिक्री के लिए दुकान लगाने का स्थान निर्धारित किया गया है। दुकानदार पहले तो लाइसेंस के लिए एक सप्ताह से भटक रहे थे। एक थाना लगभग एक सौ दुकानें लगा करती थी। इस वर्ष किसी तरह भाग्यशाली 50 दुकानदार लाइसेंस तो प्राप्त कर लिए। दुकानदार इस असमंजस में थे की दुकान लगाएं या ना लगाएं। ऐसे में सैकड़ो की संख्या में दुकानदार हीरागंज व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद यादव की अगुवाई में राजा भैया के दरबार में न्याय की गुहार लगाने पहुंच गए। राजा भैया ने प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर फुटकर पटाखा विक्रेताओं को राहत देने का अनुरोध किया। प्रशासन ने कलेक्टर तो नहीं चेंज किया, लेकिन दुकानदारों के साथ सख्ती नहीं करने का आश्वासन जरूर मिल गया है।













































